LATEST

NEWS

Election

Date : 10th Dec. 2025

Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

Sparks fly over 'vote chori', SIR in LS poll reforms debate

EC Colluding With BJP To Help It Win: Rahul

Subodh.Ghildiyal
@timesofindia.com

New Delhi: Asking why the prime minister and home minister are so keen on deciding who becomes the election commissioner, Congress MP Rahul Gandhi Tuesday alleged that BJP has captured the Election Commission (EC) which is "colluding" with the governing party to help it win polls. He also accused the BJP of "vote chori" that, he said, is the worst possible unpatriotic act.

> Project of RSS was to capture the institutional framework of the country... (after educational institutions & intel agencies, it's the EC)
>
> Change the law that allows election commissioner to get away with whatever he wants to do... we are going to change the law... And we are going to come and find you
>
> **—Rahul Gandhi**

Rahul said the Modi govt's decision to remove the Chief Justice of India from the collegium that selects election commissioners has given BJP complete control over who becomes the poll watchdog – as the three members of the collegium are PM, HM and leader of opposition Rahul Gandhi. The govt had also changed the law to give "tremendous gift of immunity" to election commissioners for their actions, he alleged, while EC laid down that CCTV footage be destroyed after 45 days of polling.

▶**Continued on P 18**

in specific constituencies ...

Cong involved in 'vote chori' since 1952, claim BJP netas

▶ Continued from P 1

Intervening in the discussion on election reforms in the lower House of Parliament, law minister **Arjun Ram Meghwal** said the special intensive revision of electoral rolls has been held multiple times since 1952 & was necessary to clean up rolls, which change due to migration and rapid urbanisation.

Meghwal accused Congress of engaging in "vote chori" since the first LS elections, including in the defeat of B R Ambedkar. He emphasised that the Modi govt did not change the law regarding appointment of the CEC and fellow election commissioners, but created a framework following a 2023 SC ruling.

Nishikant Dubey said former CEC TN Sheshan was given a Congress ticket to contest against BJP's LK Advani, while another CEC, MS Gill, became a minister in the Manmohan Singh govt after "favouring" Sonia Gandhi in the "office of profit" row. "They talk of transparency. Congress worker Batuk Singh was made UPSC chairman," he said.

He said Parliament's select committees dating back to the 60s and 70s recommended SIR and voting machines for reforming polling process, while a joint committee that included MPs from Jana Sangh, BJP's forerunner, favoured in 1972 reducing the voting age to 18 from 21. Rajiv Gandhi implemented this in 1988, and Congress is claiming it to be the biggest polls reform, he said.

Batting for SIR, he named a number of districts, including Kolkata and Murshidabad, in poll-bound West Bengal and Jharkhand, and cited 2011 Census data to flag disproportionately high rise in the Muslim population compared to their national growth since independence to claim the presence of Bangladeshi infiltrators.

BJP MP Sanjay Jaiswal said Congress did "vote chori" by picking Nehru as PM over Sardar Patel, who was favoured by most party units, while Indira Gandhi did it by imposing Emergency.

Hindustan Times

Sparks fly in LS over debate on polls, SIR

Saubhadra Chatterji

letters@hindustantimes.com

NEW DELHI: The National Democratic Alliance and the INDIA bloc exchanged barbs over electoral reforms and the special intensive revision in the Lok Sabha on Tuesday with the government accusing the Congress of trying to hide its poll failures and the Opposition alleging that the ruling party was indulging in vote theft.

Leader of the Opposition in the Lok Sabha Rahul Gandhi said vote theft was the biggest anti-national act as it destroyed the fabric of the nation and the Election Commission was colluding with those in power to shape elections, demanding that machine-readable voter lists be given to political parties and immunity to election commissioners scrapped.

Samajwadi Party chief Akhilesh Yadav said that election reforms could take place only if EC was impartial and suggested that an enhanced panel select the chief election commissioner and fellow election commissioners.

From the government, Union law minister Arjun Ram Meghwal hit out at the Opposition, saying that the special intensive revision (SIR) of the voters' list was held multiple times since 1952 and was required to clean up electoral rolls, which change due to migration and rapid urbanisation.

BJP MP Nishikant Dubey hit out at Gandhi over his attack on EVMs, saying the voting machines were introduced in the country by his father and former PM Rajiv Gandhi, during a pilot project in 1987.

The debate came after days of standoff between the govern-

continued on →13



Lok Sabha LoP Rahul Gandhi speaks during the winter session of Parliament in New Delhi on Tuesday. ANI

In Upper House, Shah, Kharge trade charges over Vande Mataram

Smriti Kak Ramachandran

letters@hindustantimes.com

NEW DELHI: Union home minister Amit Shah and Leader of the Opposition in the Rajya Sabha Mallikarjun Kharge on Tuesday traded charges during the Vande Mataram debate, with the senior BJP leader alleging that the Congress altered the national song due to appeasement politics, and the Congress chief saying that the Centre was using the discussion to divert attention from the country's pressing issues.

"Many people like me believe that if Congress had not divided Vande Mataram under its policy of appeasement, the country would not have been divided, and today





Amit Shah, Mallikarjun Kharge

the country would be whole," Shah said, while initiating the debate.

Kharge hit back and said: "The political debate over Vande Mataram is merely a diversionary tactic when the country faces economic challenges. True patriotism seeks solutions to hardships faced by the common people, rather than mere symbolism and speeches."

→P8

राहुल का सवाल **लोकसभा :** चुनाव सुधार पर वार-पलटवार, हंगामा

बिना सीजेआइ के चयन क्यों?

अर्जुन मेघवाल का जवाब रायबरेली का चुनाव सबसे बड़ी वोट चोरी

वोट चोरी का नमूना इंदिरा का चुनाव

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

नई दिल्ली. लोकसभा में मंगलवार को चुनाव सुधार पर हुई चर्चा में सत्ता व विपक्ष में वार-पलटवार हुआ। कांग्रेस सहित विपक्ष के सदस्यों ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सरकार की मर्जी, ईवीएम और वोटर लिस्ट के एसआइआर का विरोध जताकर बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग तक कर डाली। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा ने कांग्रेस को याद दिलाया कि उसके समय में सरकार ही चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करती थी और वोट चोरी का सबसे बड़ा उदाहरण रायबरेली से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चुनाव था। सदन में बहस बुधवार को भी जारी रहेगी।

चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार से सवाल किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए जिम्मेदार पैनल से देश के चीफ जस्टिस को क्यों हटाया गया? क्या हमें सीजेआइ पर विश्वास नहीं है? पैनल में एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह हैं। वहां मेरी आवाज ही नहीं है, क्योंकि संख्या बल कम है। राहुल ने आरएसएस पर संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप लगाया तो सत्ता पक्ष के सांसदों ने विरोध जताते हुए शोर-शराबा किया। इससे हंगामे की स्थिति बन गई। भाजपा की ओर से कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि वोट चोरी का सबसे बड़ा उदाहरण रायबरेली का चुनाव रहा है, जिसमें इंदिरा गांधी जीती थीं। पढ़ें **बिना**@पेज 12

लोकसभा में राहुल गांधी, अर्जुन राम मेघवाल और निशिकांत दुबे।

राहुल ने रखी तीन मांग

1. सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट दी जाए
2. सीसीटीवी फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम बदला जाए।
3. हमें इवीएम देखने के लिए दी जाए। वोट चोरी एंटी नेशनल काम है।

कांग्रेस के समय भी हुआ एसआइआर : मेघवाल

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि एसआइआर चुनाव आयोग का कार्य है। आयोग संवैधानिक संस्था है। उसके कार्यों पर सदन में चर्चा नहीं की जा सकती। एसआइआर कांग्रेस की सरकारों में भी छह-सात बार हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी के काले कारनामों से बाज नहीं आई। उसने 1951 में बाबा साहेब आंबेडकर की सीट उत्तर मुंबई में 74 हजार वोट खारिज करवा दिए थे।

'पूर्व आयुक्तों को कांग्रेस ने बनाया गवर्नर'

राहुल गांधी के आरोपों पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, 1975 में कांग्रेस ने एक संशोधन के माध्यम से राष्ट्रपति के सारे अधिकार खत्म कर दिए। उसने तीन जज को बाईपास करके चीफ जस्टिस बना दिया, एक कार्यकर्ता बटुक सिंह 10 साल तक यूपीएससी का चेयरमैन रहा। उन्होंने कहा, ये (कांग्रेस) चुनाव आयोग की बात करते हैं। बीएस रामादेवी जब रिटायर होती हैं, तो उनको हिमाचल का गवर्नर बना देते हैं। टीएन शेषन जब रिटायर होते हैं, तो उनको अहमदाबाद में बीजेपी के खिलाफ कैंडिडेट बना देते हैं। एमएस गिल जब रिटायर होते हैं तो वो केंद्र में 10 साल मंत्री रहते हैं और इसी सदन में रहते हैं।

दैनिक नवज्योति
Jaipur City - 10 Dec 2025 - Page 2

चुनाव आयोग स्वतंत्र अंपायर नहीं: राहुल

चुनावों में पारदर्शिता के लिए चार मांगें रखीं

ब्यूरो/नवज्योति/नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में मंगलवार को लोकसभा का माहौल उस समय गरम हो गयाए जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव सुधार, चुनाव आयोग और संस्थाओं की स्वतंत्रता पर तीखे आरोपों की बौछार कर दी। राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए चार बड़ी मांगें रखीं और कहा कि वोट चोरी राष्ट्रविरोधी कदम है। राहुल गांधी ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए मशीन से पढ़ी जा सकने वाली वोटर लिस्ट चुनाव से पहले सभी दलों को दी जानी चाहिए, सीसीटीवी फुटेज नष्ट न किए जाएं, पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रहे, ईवीएम तक एक्सेस दिया जाए, ताकि स्वतंत्र जांच संभव हो सके और चुनाव आयुक्तों को मिली इम्युनिटी खत्म की जाए, ताकि ईसी जवाबदेह रहे। लोकसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हो रही बहस में हिस्सा लेते हुए राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि सीसीटीवी वाला कानून क्यों बदला गया है? चुनाव आयोग अब निष्पक्ष अंपायर की तरह काम नहीं कर रहा। राहुल गांधी ने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि विपक्ष की लड़ाई अब सिर्फ एक राजनीतिक दल से नहीं, बल्कि उस पूरी व्यवस्था से है जिसे सुनियोजित तरीके से हाईजैक कर लिया गया है। राहुल ने पूछा कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से सीजेआई को क्यों हटाया? चुनाव के 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज क्यों डिलीट किए जाएंगे और चुनाव आयुक्त को सजा देने का प्रावधान क्यों हटाया गया? उन्होंने कहा कि ब्राजील मॉडल की तरह पारदर्शिता भारत में भी जरूरी है, लेकिन हरियाणा में एक ही मॉडल की फोटो 22 बार छपी और चुनाव चोरी हुआ वो भी चुनाव आयोग की नजर के नीचे, वहीं एक महिला का नाम लिस्ट में सौ बार आया, लेकिन इलेक्शन कमीशन ने मेरे सवालों का जवाब नहीं दिया।

शीत सत्र • लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा, वोट चोरी पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर

ईसी-भाजपा वोट चोरी कर रहे: राहुल
पद का इनाम तो कांग्रेस देती थी: दुबे

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दैनिक भास्कर

संसद के शीतकालीन सत्र के 7वें दिन मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार पर बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने के लिए भाजपा निर्वाचन आयोग (ईसी) को निर्देशित और इस्तेमाल कर रही है। दोनों मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। 'वोट चोरी' सबसे बड़ा राष्ट्रविरोधी कृत्य है। राहुल ने 3 सवाल उठाए। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से सीजेआई को क्यों हटाया? दिसंबर 2023 में कानून क्यों बदला, ताकि चुनाव आयुक्त रहते लिए फैसलों के लिए सजा न दी जा सके? कानून बदलकर सीसीटीवी फुटेज 45 दिन बाद नष्ट करने की अनुमति क्यों दी? उन्होंने 3 सुझाव दिए। कहा, चुनाव से 1 महीने पहले सभी दलों को मशीन-रीडेबल वोटर लिस्ट दें। 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने की इजाजत का कानून वापस लें। ईवीएम का आर्किटेक्चर बताएं। चुनाव आयुक्तों को इम्युनिटी देने वाला कानून बदलें।

राहुल के आरोपों पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पलटवार किया। कहा, आयोग में शीर्ष पदों पर रहे लोगों को पद से पुरस्कृत करने का इतिहास कांग्रेस का है। दुबे ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता बटुक सिंह 10 साल यूपीएससी चेयरमैन रहे। पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन सूडान के गवर्नर नियुक्त किए गए थे। वीएस रामादेवी को हिमाचल का राज्यपाल बनाया गया। टीएन शेषन अहमदाबाद से भाजपा के खिलाफ उम्मीदवार बने, जबकि एमएस गिल रिटायरमेंट के बाद 10 साल कैबिनेट मंत्री रहे। और कांग्रेस फिर भी ईमानदारी की बात करती है।

इससे पहले, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चर्चा शुरू करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के पास एसआईआर करवाने का कानूनी आधार नहीं है। इसे रोकें। मुख्य चुनाव आयुक्त और दो आयुक्तों के चयन पैनल में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई को भी जोड़ा जाए।

राज्यसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा हुई

अमित शाह ने कहा- वंदे मातरम् का विरोध कांग्रेस के खून में... कई विपक्षी इसे गाने से पहले चले जाते हैं

वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर मंगलवार को राज्यसभा में चर्चा हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा की शुरुआत की। कहा, वंदे मातरम् का विरोध कांग्रेस के खून में है। लोकसभा में बहस शुरू होते वक्त गांधी परिवार के दोनों सदस्य गायब थे। 1992 में भाजपा सांसद राम नाइक ने संसद में वंदे मातरम् गाने की मांग की थी। तब इंडिया ब्लॉक के कई नेताओं ने विरोध किया था। कई विपक्षी सदस्य वंदे मातरम् गाने से पहले चले जाते हैं। कांग्रेस के जयराम रमेश ने आपत्ति जताई तो शाह ने बाद में सभापति को पत्र लिखकर ऐसे विपक्षी नेताओं की सूची दी। शाह ने कहा कि नेहरू ने तुष्टिकरण के लिए वंदे मातरम् को दो हिस्सों में न बांटा होता तो देश का विभाजन नहीं होता। कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि वंदे मातरम् पर चर्चा हो रही है, क्योंकि बंगाल में चुनाव हैं। वे इसका महत्व कम कर रहे हैं।

राज्यसभा में किसने क्या कहा...

सुधा मूर्ति, नामित सदस्य; सरकार को स्कूलों में वंदे मातरम् का गायन अनिवार्य करना चाहिए। हर राज्य रंगीन कपड़े का एक टुकड़ा है और इन्हें जोड़ने वाला धागा-सुई वंदे मातरम् है। यह सिर्फ जमीन का टुकड़ा नहीं, यह हमारी मातृभूमि है।

मिलिंद देवड़ा, शिवसेना; एआर रहमान द्वारा वंदे मातरम् की प्रस्तुति ने उन लोगों को गलत साबित किया, जो 88 साल पहले इसे काटने के जिम्मेदार थे। यह देश की सांस्कृतिक-धार्मिक विविधता का प्रतीक है।

असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम; हुकूमत वंदे मातरम् पर जोर-जबरदस्ती न करे। यदि जबरदस्ती होगी तो ये संविधान के खिलाफ होगा। क्या इसे वफादारी का परख बनाना चाहते हैं?

शाह ने पत्र भेज गिनाए वंदे मातरम् न गाने वालों के नाम: शाह ने राज्यसभा के सभापति को भेजे पत्र में बताया कि कांग्रेस सांसद इमरान मसूद और नेकां के आगा सैयद मेहदी ने 8 दिसंबर को आस्था का हवाला देकर वंदे मातरम् गाने से इनकार किया। सपा के शफीकुर्रहमान बर्क ने 2019 और जियाउर्रहमान बर्क ने 2025 में ऐसा किया था। कांग्रेस के आरिफ मसूद ने 2019, सिद्धारमैया ने 2022 और राजद के सऊद आलम ने 2025 में ऐसा किया।

बीएलओ को धमकी गंभीर, नहीं संभाला तो अराजकता: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली | सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में एसआईआर में लगे बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकी देने पर चिंता जताई। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि हालात से निपटें नहीं तो अराजकता फैल सकती है। कोर्ट ने एसआईआर में राज्यों के असहयोग पर चिंता जताई।

पंजाब केसरी
WED,10 DECEMBER 2025
EDITION: RAJASTHAN , PAGE NO. 2

राहुल गांधी ने सरकार पर बोला हमला, कहा-

चुनाव आयोग के जरिए लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है भाजपा

नई दिल्ली: लोकसभा में बोलते विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (प.स.): लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को 'वोट चोरी' को 'सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य' करार दिया और आरोप लगाया कि सत्तापक्ष में बैठे लोग इस कृत्य को अंजाम दे रहे हैं तथा 'आइडिया ऑफ इंडिया' (भारत की अवधारणा) नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निर्वाचन आयोग तथा दूसरी संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप भी लगाया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव से एक महीने पहले सभी राजनीतिक दलों को मशीन से पढ़ने योग्य मतदाता सूची उपलब्ध कराई, मतदान के समय की सी.सी.टी.वी.कैमरे की फुटेज दी जाए तथा ई.वी.एम. संरचना के बारे में जानकारी दी जाए। उनका कहना था कि वर्ष 2023 के उस कानून को बदलिए जो निर्वाचन आयुक्तों को 'यह ताकत देता है कि वो जो चाहें वो करें।' मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा-शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के तहत तीन सदस्यीय चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं।

राहुल गांधी ने कहा, 'हम सिर्फ सबसे बड़े लोकतंत्र नहीं हैं, बल्कि हम सबसे महान लोकतंत्र भी हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि इस महान देश के लोकतंत्र को नष्ट किया जा रहा है और सब जानते हैं कि यह हो रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग यह राष्ट्र विरोधी कृत्य कर रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'प्रोजैक्ट' के तहत विभिन्न संस्थाओं और निर्वाचन आयोग पर कब्जा किया गया। उन्होंने कहा, '30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी जी की छाती में 3 गोलियां लगीं...लेकिन प्रोजैक्ट यहीं खत्म नहीं हुआ। सब कुछ, सारी संस्थाएं वोट से आकार लेती हैं, तो जाहिर है कि संघ को वोट से निकली सभी संस्थाओं पर कब्जा करना था।'

पंजाब केसरी
WED,10 DECEMBER 2025
EDITION: RAJASTHAN , PAGE NO. 1

भाजपा सांसद जायसवाल लोकसभा में बोले-

देश बंगलादेशीयों व रोहिंग्याओं का नहीं, एस.आई.आर. के बाद बाहर करेंगे

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (प.स.): भाजपा के सांसद संजय जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि यह देश बंगलादेशीयों और रोहिंग्याओं का हरगिज नहीं है तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के बाद इन्हें निकाल बाहर किया जाएगा। उन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि बिहार एस.आई.आर. में 35 लाख लोग ऐसे मिले, जिन्होंने फॉर्म 6 भरा ही नहीं।

जायसवाल ने कहा, 'हो सकता है वे बिहार से बाहर गए हों या यह भी हो सकता है कि वे बंगलादेशी /रोहिंग्या हों जिन्होंने डर से इसे नहीं भरा और यही चीज हमारे बिहार के साथियों को काफी पीड़ा देती है। उन्हें डर है कि यदि बिहार में इतने हैं तो बंगाल में कितने होंगे। इसी 'वोट पॉलिटिक्स' के लिए वे चिंतित हैं।'

उन्होंने कहा, 'यह देश हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध सभी का है, लेकिन बंगलादेशीयों और रोहिंग्याओं का हरगिज नहीं है।'

उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पिछले तीन महीनों से 'वोट चोरी' और एस.आई.आर. की बात कर रहे हैं जोकि केवल निर्वाचन आयोग का संवैधानिक अधिकार है। भाजपा सांसद ने कहा कि जिस मुद्दे पर बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्ष को इतनी बड़ी हार मिली, उसके बाद भी इस बात को वे समझने को तैयार नहीं हैं।

पंजाब केसरी
WED,10 DECEMBER 2025
EDITION: RAJASTHAN , PAGE NO. 1

राज्यों में 'एस.आई.आर.' के काम में बाधा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

■ कहा-बी.एल.ओ. को धमकाने के मामले हमारे संज्ञान में लाएं

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर (प.स.): सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल एवं अन्य राज्यों में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) प्रक्रिया के दूसरे चरण में जुटे बी.एल.ओ. और अन्य अधिकारियों को धमकी व एस.आई.आर. के काम में बाधा डालने के मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए चुनाव आयोग से कहा कि वह ऐसी घटनाओं को शीर्ष अदालत के संज्ञान में लाएं।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आयोग से मतदाता सूची की एस.आई.आर. प्रक्रिया के कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा।

पीठ ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा, " बी.एल.ओ. के काम में सहयोग की कमी और बाधाओं के मामले हमारे संज्ञान में लाएं, हम उचित आदेश पारित करेंगे।"

इस पर द्विवेदी ने कहा कि अगर स्थिति बिगड़ती है तो आयोग के पास राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली पुलिस को अपने अधीन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि आयोग चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। राकेश द्विवेदी ने कहा कि आयोग के पास बी.एल.ओ. और एस.आई.आर. कार्य में जुटे अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से निपटने के लिए सभी संवैधानिक अधिकार हैं।

कई याचिकाकर्त्ताओं ने बी.एल.ओ. और एस.आई.आर. कार्य में जुटे अन्य अधिकारियों के खिलाफ हिंसा एवं धमकियों का आरोप लगाया और आयोग को उनकी सुरक्षा के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है।

स्थिति से निपटें, नहीं तो अराजकता फैल जाएगी

न्यायमूर्ति कांत ने द्विवेदी से कहा, "स्थिति से निपटें, नहीं तो अराजकता फैल जाएगी।" उन्होंने स्थिति को 'बेहद गंभीर' बताया। इस बीच राकेश द्विवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तनाव के कारण बी.एल.ओ. द्वारा आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता क्योंकि उन्हें 30-35 मतदाताओं वाले 6-7 घरों की गणना का काम करना होता है।

न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह बैठा-बिठाया काम नहीं है और बी.एल.ओ. को घर-घर जाकर गणना फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, 'यह जितना दिखता है, उतना आसान नहीं है।'

बिना...

भाजपा के निशिकांत दुबे ने कहा कि 64 साल तक कांग्रेस अपनी मर्जी से चुनाव आयुक्त बनाते रहे हैं। मौजूदा सरकार ने एक कमेटी तो बना दी। उन्होंने कहा कि 1980 में कांग्रेस ही देश में इवीएम लेकर आई थी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मुसलमान 4% बढ़े हैं और बंगाल के 24 परगना में 14% मुस्लिम कैसे बढ़े इसका जवाब कौन देगा? एसआइआर जरूरी है।

एसआइआर के बहाने एनआरसी : अखिलेश – सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार व चुनाव

Explain exemption for Assam voters from providing citizenship proof, SC tells EC

Times News Network

New Delhi: Supreme Court on Tuesday asked the Election Commission to respond to a PIL questioning its decision to exempt Assam voters from giving documentary proof along with enumeration forms during SIR, which was mandatory in other states, even though the northeastern state has a large population of illegal Bangladeshi migrants.

Appearing for petitioner Mrinal K Choudhury, senior advocate Vijay Hansaria told a bench of CJI Surya Kant and Justice Joymalya Bagchi that EC in its Nov 17 notification had said Assam's electoral rolls are being revised without any requirement of any documents or enumeration forms contrary to the procedure adopted for the pan-India Special Intensive Revision (SIR) of rolls.

> **EC in an arbitrary manner directed that the electoral roll for Assam will be revised only by way of Special Revision and not by way of SIR even though there is no difference in the ground realities between Assam and 12 other states**
>
> **PETITION IN SUPREME COURT**

The bench said it will seek EC's response as to why such an exception was made for Assam and what were the circumstances requiring such exemptions. It asked EC to file its response by Dec 16, the next date of hearing on the PIL.

The petitioner said, "EC in an arbitrary manner directed that the electoral roll for Assam will be revised only by way of Special Revision and not by way of SIR even though there is no difference on the ground realities between Assam and 12 other states where SIR is being conducted." It said in Assam, voters are not required to submit documentary proof of their citizenship, age and residences, whereas, in case of SIR in other 12 states and UTs it is mandatory.

On another PIL seeking interim inclusion of people from minority communities, who were persecuted in neighbouring countries and have entered India seeking citizenship under the Citizenship (Amendment) Act, in the voters' list of West Bengal, the bench said the question of right to vote would arise only after they are accorded citizenship.

Senior advocate Karuna Nundy said the applications have been pending for a long time and if these are not decided expeditiously, these people from the persecuted minority community, estimated to be 50,000, would lose their right to vote if their application for grant of citizenship is not decided prior to the Bengal assembly elections.

The bench said it would not be legal to grant any interim right to vote to these migrants, whose application for grant of citizenship is pending. At best, the court can ask the govt to expedite the scrutiny of their applications, it said and sought responses from Centre and EC. It requested either the attorney general or the solicitor general to assist the court in the matter on Dec 17, the next date of hearing.

BJP: Pro-Muslim parties opposing clean-up of rolls

TIMES NEWS NETWORK

> You won in Bengal, Himachal & Karnataka, then the EVMs were correct. But in Maharashtra, Haryana or Bihar, the machines suddenly became faulty?
>
> **—Rajeev Ranjan (JDU)**

> All oppn parties spoke about EVMs... (Former PM) Rajiv Gandhi brought EVMs as part of a pilot project in 1987 & in 1991, Narasimha Rao govt introduced them
>
> **—Nishikant Dubey** | BJP

New Delhi: BJP MP Nishikant Dubey on Tuesday took on Rahul Gandhi over his allegation of electoral malpractices against the govt, saying EVMs were introduced by former PM Rajiv Gandhi to curb poll irregularities, and blamed "pro-Muslim" politics of Congress and regional parties for their opposition to SIR, as he cited disproportionate rise in Muslim population in states like West Bengal to back the exercise.

Dubey rebutted Gandhi's allegations — including over "vote chori" and govt's decisive say in appointment of election commissioners — saying Congress put its favourite bureaucrats in poll bodies and rewarded them with berths and party tickets. As member of the selection committee, the LoP is now part of the process and can file his dissent which was never the case when Congress was in office, he said.

▶Continued on P 18

NDA to oppn: How come EVMs function fine when you win?

'You Claim Vote Chori Only When You Lose'

TIMES NEWS NETWORK

New Delhi: Key NDA constituents Janata Dal United (JDU) and Telugu Desam Party (TDP) on Tuesday accused the opposition of "double standards" on the issue of EVMs, while another ally Shiv Sena (Shinde) made a strong demand for lowering the minimum age to contest Lok Sabha and assembly elections from 25 to 18 years and allow remote voting for migrant voters.

Participating in a discussion on election reforms in the Lok Sabha, Shiv Sena MP Shrikant Shinde also said that the Election Commission should introduce a common electoral roll for all elections and usher in simultaneous polls for Lok Sabha and state assemblies.



IANS

JDU's Lalan Singh has accused the opposition of trying to 'pollute the electoral system'

Union minister and JDU MP Rajeev Ranjan Singh (Lalan Singh) said, "You won in West Bengal, Himachal Pradesh and Karnataka, then the EVMs were correct. But in Maharashtra, Haryana or Bihar, the machines suddenly became faulty? People do not accept this double standard."

He accused the opposition of trying to "pollute the electoral system" instead of engaging with the EC's repeated clarifications. "If people are not voting for you repeatedly, then the EVM becomes faulty," he said.

Indian voters were "mature" and understood the democratic process, TDP MP Lavu Sri Krishna Devarayalu said. "No one in the opposition asked about 'vote chori' when the Congress won in Telangana or Karnataka, but these questions only arise when results do not go their way," he said, dismissing claims that EVMs were manipulated.

Singh accused the opposition parties of attempting to "delegitimise the electoral system" instead of suggesting improvements.

"We were hoping opposition would tell us what improvements can be made," he said, but added that Congress MP Manish Tewari instead "insinuated that Election Commission is influenced". "Modi ji never interferes in the work of independent institutions," Singh said.

On SIR, Singh noted that EC had clarified that it is conducted regularly. When the process began recently, he said, "In two districts, over five lakh people applied for citizenship, and many others were marked for deletion, so what is the issue if the EC asks for proof?" In a swipe at the opposition over its electoral loss in Bihar, he said, "Take free tips from Modi... go meet him alone and come back with the tips."

The TDP MP said that instead of pushing for constructive reforms, the opposition was questioning the EC. Devarayalu suggested that if Aadhaar cannot be linked with voter IDs, the govt could explore unique biometric markers such as iris scans or thumb impressions to make voter identification foolproof.

Return to ballot papers, expand collegium that picks ECs: Oppn

Subodh.Ghildiyal
@timesofindia.com

If a five-member collegium appoints ECs, then 'theek se khela hobe', removing doubts over EC's credibility, said MP Manish Tewari

New Delhi: Accusing EC of being compromised, opposition, led by Congress, SP and DMK, demanded on Tuesday a return to ballot papers and expansion of collegium that selects election commissioners to a five-member body, comprising two LoPs, PM, home minister and CJI, as against the present composition of PM, home minister and LoP in Lok Sabha.

Congress MP Manish Tewari, who opened the debate on electoral reforms in Lok Sabha, argued that if such a committee was formed, then "theek se khela hobe", and it will remove doubts over the credibility of EC.

The all-round attack on EC and BJP was carried out by SP chief Akhilesh Yadav, DMK's Dayanidhi Maran, TMC's Kalyan Banerjee, NCP's Supriya Sule, Shiv Sena's Anil Desai, CPM's Amra Ram, RJD's Abhay Sinha, and AAP's Gurmeet Hayer, among others.

Tewari and Banerjee said EC has no legal power to conduct SIR across states, and it can order such revision only in specific constituencies after recording complaints and conducting inquiries into them. Tewari also slammed the SIRs done by past govts.

Akhilesh described the SIR as NRC with another name, stating the UP CM has declared that "detention centres" are being constructed for those weeded out of the electoral rolls. He called the SIR a hasty exercise which was launched without providing training to BLOs, citing their deaths. Training guns at EC, he alleged that the administration was misused to help BJP in past UP bypolls, but SP's complaints to EC went unheeded.

Tewari and Maran demanded a return to ballot papers, as done by US and Japan. Tewari said EVMs could continue in case of 100% VVPAT counting. However, Supriya Sule refused to criticise EVMs, saying she has been voted to LS four times through the same machines.

Tewari also demanded a ban on cash transfers ahead of polls, saying cash benefits were playing havoc with the exchequer while distorting the electoral landscape in favour of the governing party.

Stating that erosion of people's faith in democracy leads to anarchy, he demanded that govt inform opposition if the "source code" of EVMs, the motherboard programme, is with EC or with the companies concerned.

Trinamool's Banerjee dubbed BJP "Bengali hater" and asked if it will expel all Bengalis from India by calling them "Rohingya".

Maran, targeting EC, said in 2019 and 2024 Lok Sabha polls, EC had allowed PM Narendra Modi to meditate at Kedarnath and at Vivekananda Memorial for two days each, helping him dominate TV coverage ahead of voting.

Sule said EC's political neutrality is under a cloud because it has failed to curb hate speech and its enforcement of the model code of conduct is inconsistent, and errors in electoral rolls are disproportionately hurting the weaker groups.

We will change law & we will find you, Rahul warns ECs

▶Continue

While election commissioners got immunity, the poll commission changed the rule to lay down that CCTV footage be destroyed after 45 days of polling — decisions that, LoP **Rahul Gandhi** alleged, were at the root of "vote chori".

As he targeted RSS, Rahul said the complete capture of EC was the culmination of the "project" executed after the assassination of Mahatma Gandhi by Nathuram Godse, referring to the education sector, intelligence agencies and bureaucracy as some other institutions. Rahul said "our friends" don't embrace Godse anymore because he is an "uncomfortable truth", but Gandhi's killing was "not where the project ended".

Rahul presented a four-point wish list to govt for reforming the poll process: provide machine-readable voter lists to parties a month before the election, withdraw the order to destroy CCTV footage after 45 days of polling, provide opposition access to "architecture of EVMs" and change the law that "allows EC to get away with what he wants to do". In a warning that the law providing immunity to top poll officers would be no deterrent when the opposition comes to office, Rahul said election commissioners should remember "we" will change the law retrospectively and "we will find you".

2-stanza decision was collective one: Kharge

Mallikarjun Kharge Tuesday rejected BJP's charge that Jawaharlal Nehru unilaterally "divided" Vande Mataram, asserting that the decision to sing two stanzas was made collectively by Congress brass after wide consultations, including with Rabindranath Tagore. Kharge said the poet found "no difficulty" in dissociating the first two stanzas. "You are insulting all these tall leaders. It was their combined decision. Why do you target Nehruji alone?" he said. TNN

भाजपा मंडल ने एसआईआर का निरीक्षण किया

खोड़न| भाजपा पालोदा मंडल ने केंद्र सरकार की ओर से किए जा रहे मतदाता गहन सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान, मंडल प्रभारी प्रकाश बोहरा, कार्यक्रम संयोजक देवीलाल कलाल, सहसंयोजक कुंवर दिग्पाल सिंह चौहान के मार्गदर्शन में मंडल के सभी 46 बूथों पर एसआईआर का निरीक्षण कर रहे हैं। मंगलवार को लोहारिया के 5 बूथों के बीएलओ ने एसआईआर का 100 प्रतिशत काम पूरा करने पर आभार जताया।

CS Scanned with CamScanner

भास्कर एक्सक्लूसिव 99.44% के साथ घाटोल अव्वल, 3.8% वोटर स्थाई तौर पर अन्यत्र जा बसे

SIR : जिले में 98.62 फीसदी लक्ष्य पूरा, अब डेढ़ दिन में ढूंढने हैं 14 हजार 'मिसिंग' वोटर

बांसवाड़ा। विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) अब अंतिम चरण में है। 11 दिसंबर को रात 12 बजे तक आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि है। अच्छी बात यह है कि अब तक 98.62% मतदाताओं के वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मैपिंग प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। लेकिन 14 हजार से ज्यादा मतदाता ऐसे हैं जिनका कोई पता नहीं चल पा रहा है। ये ऐसे मतदाता हैं जिन्हें बीएलओ ही नहीं, सरपंच से लेकर राजनीतिक दल भी तलाश रहे हैं। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद ज्यादातर का पता नहीं चल पाया है। जिले में 1439442 मतदाता हैं। इस लिहाज से ऐसे गायब मतदाताओं की संख्या 1 फीसदी है। प्रशासन ने स्थानीय जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दलों को इनकी सूची भेजी है ताकि समय रहते ऐसे लोगों का डिजिटाइजेशन किया जा सके। जिले में ज्यादातर लोग रोजगार के लिए बाहरी राज्यों में पलायन करते हैं। ऐसे में जिले में 1418 बीएलओ उनके परिजनों से संपर्क कर रहे हैं। बुधवार को सुबह नौ बजे से अगर इन वोटरों की तलाश शुरू होती है तो करीब डेढ़ दिन में इन्हें तलाशना होगा।

2.33% डैथ, 3.8% परमानेंट शिफ्ट व 1% अनुपस्थित

नदी पार कर एसआईआर के लिए जाते। (फाइल फोटो)

प्रशासन के मुताबिक जिले में 1 लाख 15 हजार 471 ऐसे लोग हैं जो यूईएफ की श्रेणी में हैं। यानी इन के आवेदन अभी तक जमा नहीं हुए हैं। इनमें 2.33% की मौत हो चुकी है, 3.8% मतदाता परमानेंट दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके हैं। जिले में मिल और माही विभाग में भी अन्य राज्यों का स्टाफ है। इनमें से कई ऐसे हैं जो कालांतर में सेवानिवृत्त होने पर जिला छोड़ चुके हैं। वहीं .80% मतदाता ऐसे थे जो यहां बसे तो हैं मगर उनके वोट उनके पुस्तैनी गावों में भी हैं। अब एसआईआर में एक ही जगह मैपिंग हो सकती है। इसलिए भी यहां मैपिंग नहीं हो रही। बिहार, यूपी, पंजाब के साथ काफी तादाद में एमपी के लोग भी यहां रहते हैं, जिनके मिलान में दिक्कत आ रही है। वहीं 1% ऐसे है जिनके बारे में फिलहाल पता नहीं चल पाया है। वहीं 1.26% मतदाता ऐसे हैं, जिनका 2002 के मतदाता सूची से मिलान नहीं हुआ है। ऐसे में अब उन्हें अलग से तय दस्तावेज पेश करने होंगे।

मिसिंग वोटर्स के आवेदन भरवाने के लिए बीएलओ पूरा प्रयास कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों की भी मदद ले रहे हैं। एसआईआर समय पर पूरा कर लेंगे। - डॉ. इंद्रजीत यादव, कलेक्टर

भास्कर नॉलेज

फार्म 6 भरकर भी जुड़वा सकेंगे नाम

एसआईआर अभियान के तहत 11 दिसंबर आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि है। 16 दिसंबर तक अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। अगर तक कोई भी मतदाता जो बाहर हो और जानकारी अभाव में अपना आवेदन भर नहीं पाया होतो वह फार्म-6 और घोषणा पत्र देकर ऑनलाइन आवेदन जमा करवा सकता है। वहीं नया मतदाता भी अपना नाम जुड़वा सकता है। ऐसे मतदाता अपने बीएलओ, स्थानीय जनप्रतिनिधि और निर्वाचन विभाग से भी संपर्क कर सहायता ले सकते है। एसआई के तहत प्रदेश में मैपिंग का काम तेजी से चल रहा है। बांसवाड़ा जिले में 1418 बीएलओ इस काम में जुटे हैं। मैपिंग में बांसवाड़ा 16वें स्थान पर है। जबकि 93.48 फीसदी मैपिंग के साथ जयपुर सबसे आखिरी पायदान पर है। 13 लाख 4 हजार 227 वोटरों की मैपिंग हो चुकी है।

CS Scanned with CamScanner

पत्रिका

11 दिसंबर तक मैपिंग नहीं हुई तो भेजे जाएंगे नोटिस

जिले में एक लाख 65 हजार मतदाता अब भी मैपिंग से वंचित

बीएलओ की चूक, कई मतदाताओं के नाम हटने से परेशानी

अनुपस्थित मिले 48 हजार मतदाताओं के नाम सूची से कटने की कगार पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कोटपूतली. विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत चल रही मतदाता सूची के अपडेट कार्य में मैपिंग की गड़बड़ियों ने कई मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। अधूरी जानकारी के कारण ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) अब भी क्षेत्र में चक्कर काट कर मतदाताओं का पता ढूंढ रहे हैं। इससे कई मतदाताओं के नाम काटे जाने का खतरा बढ़ गया है। एसआईआर-2025 के लिए घर-घर गणना के दौरान कई मकानों के पते बदल गए। कई घर छोड़कर चले गए। 2002 की मतदाता सूची में कई मतदाताओं के नाम नहीं है। इस विसंगति से बीएलओ के रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति मेल नहीं खा रही। कई घरों में परिवार मिले ही नहीं तो कुछ जगहों पर दर्ज नामों से अलग लोग मिल रहे हैं। कोटपूतली क्षेत्र में भाग संख्या 76 में 200 से अधिक मतदाताओं के नाम 2002 की मतदाता सूची में तत्कालीन बीएलओ की गलती से छूट गए थे। अब इन मतदाताओं की मैपिंग में परेशानी हो रही है। इनमें से कई ऐसे हैं जिन्हें पहचान साबित करने के लिए तय 11

मैपिंग में जुटी टीम

दस्तावेजों में से एक भी दस्तावेज नहीं हैं। ऐसे में इनके नाम सूची से कट सकते हैं। जिले में कुल 9 लाख 75 हजार 219 मतदाता हैं। इनमें से 9 दिसम्बर की शाम तक 7 लाख 29 हजार 529 मतदाताओं की मैपिंग हुई थी। जिसका प्रतिशत 74.61 है। जिले में सबसे अधिक मैपिंग विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 78.43 प्रतिशत हुई है।

48 हजार 695 मतदाताओं के परिगणना पत्र नहीं हुए जमा

जिले में मैपिंग टीमों द्वारा चिह्नित 'अनुपस्थित' और 'संदिग्ध' मतदाताओं की संख्या बढ़ने से बीएलओ लगातार घर-घर सत्यापन कर रहे हैं। टीमों को कई ऐसे मतदाता मिले जिनके नाम तो सूची में दर्ज हैं पर वे वर्षों से उस पते पर निवासरत नहीं हैं। इसके अलावा बीएलओ के सभी फार्म वितरित करने के बाद जिले में 48 हजार 695 मतदाता ऐसे हैं जिनके अभी तक परिगणना पत्र जमा नहीं हुए हैं। ऐसे में इनके नाम मतदाता सूची से हट सकते हैं। कई ऐसे मतदाता जिनके नाम लंबे समय से सूची में पंजीकृत थे, अब गलत मैपिंग के कारण पुनः सत्यापन की जद में आ गए हैं। कई वृद्ध और असक्षम लोगों को फॉर्म भरने और स्वयं उपस्थित होने में कठिनाई आ रही है। (नि.सं.)

फैक्ट फाइल...

विधानसभा	कुल मतदाता	मैपिंग हुई	प्रतिशत
कोटपूतली	238864	173455	72.96
बहरोड़	236098	180845	73.98
विराटनगर	240880	187828	78.43
बानसूर	259377	187401	73.17

पत्रिका पत्रिका पत्रिका पत्रि

दैनिक भास्कर बारां 10-12-2025

2 दिन में महिला बीएलओ निर्मला ने किया काम पूरा

अंता| अंता विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण

कार्यक्रम की शुरुआत 8 दिसंबर से हुई है। इस कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही सिंधपुरी भाग संख्या 110 की बीएलओ निर्मला द्वारा अपना बूथ पर सिर्फ दो दिन में एसआईआर कार्य पूर्ण कर लिया है। जो कि अंता विधानसभा में ही नहीं पूरे राजस्थान में पहला मौका है कि सिर्फ दो दिन में ही एक बीएलओ द्वारा अपना काम शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया है। एक महिला होने के बाद भी बहुत ही कम समय में यह काम करना अन्य बीएलओ के लिए भी एक प्रेरणादाई संदेश दे रहा है। अंता उप जिला कलेक्टर हवाई सिंह यादव ने बताया कि अंता विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 8 दिसंबर से चल रहा है। अंता विधानसभा में भाग संख्या 110 सिंधपुरी लगी हुई महिला बीएलओ निर्मला द्वारा मतदाता सूची की 100 प्रतिशत मेपिंग करने के साथ ही सभी फर्म डिजिटलाइज किए है। इसके साथ ही 9 दिसम्बर को अपने भाग संख्या का कार्य पूर्ण कर लिया है।

दैनिक भास्कर

चित्तौड़गढ़ भास्कर 10-12-2025

सम्मान समारोह • एसआर वाटिका में 31 सुपरवाइजर, 308 बीएलओ का सम्मान

एसआईआर के कार्य में प्रदेश में अग्रणी रही टीम कपासन को किया सम्मानित

भास्कर न्यूज | कपासन

भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में कपासन विधानसभा क्षेत्र ने प्रदेश में सबसे पहले कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में समारोह आयोजित कर सुपरवाइजरों और बीएलओ को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता एसडीएम राजेश सुवालका ने की। प्रशासन की ओर से एसआर वाटिका में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर रंजन ने एसआईआर में कार्यरत रहे 31 सुपरवाइजरों और 308 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कपासन. बीएलओ व सुपरवाइजरों को सम्मानित करते कलेक्टर आलोक रंजन।

कलेक्टर ने कहा कि कपासन विस क्षेत्र में इन लोकतंत्र प्रहरियों ने पूरी निष्ठा और टीम वर्क के साथ प्रदेश में सबसे पहले अपना काम पूरा किया। जो गर्व और हमेशा याद रखने योग्य है। इस अवसर पर एसडीएम राशमी अंजू शर्मा, भूपालसागर महेश कुमार, तहसीलदार कपासन मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा, राशमी के वेनीप्रसाद सरगरा व भूपालसागर के अपूर्व गीतम सहित कई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन अश्विन कुमार व्यास और उज्ज्वल दाधीच ने किया। अभियान में कार्यरत अधिकारि और कर्मचारियों ने भी अप अनुभव शेयर किए।

बीएलओ घर-घर जाकर भर रहे परिगणना प्रपत्र

बड़गांव @ पत्रिका. निर्वाचन विभाग की तरफ से हो रहे गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत बीएलओ घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्र भर रहे हैं। इस कार्य में मतदाता भी बीएलओ की मदद कर रहे हैं। बीएलओ अजय मीणा ने बताया कि हम वार्ड नौ में नायकों के मोहल्ले में गहन पुनरीक्षण का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान सभी मतदाताओं से उनके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रम संख्या, भाग संख्या, क्रम संख्या की जानकारी लेकर प्रपत्रों को भरा जा रहा है।

प्राइवेट स्कूलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व बताया

श्रीगंगानगर| जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित हिंदुस्तान स्काउट-गाइड हाल में मंगलवार को प्राइवेट स्कूलों के संस्था प्रधानों, प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्वाचन जागरूकता क्लब, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, यू डाइस के साथ-साथ शी पोर्टल पर चर्चा की गई। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व बताया गया। बैठक में एडीईईओ अशोक वधवा, एसीबीईओ सुनील दामडी, महिला एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विजय कुमार और जिला स्वीप समन्वयक रमन कुमार असीजा उपस्थित रहे। इस दौरान निजी विद्यालयों के संगठन प्रभारी अधिकारियों की ओर से शिक्षा विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने और सहयोग की हामी भरते हुए बाल वाहिनियों की सुरक्षा मानको की पालना एवं नशा मुक्ति जैसे संकल्पों में पूर्ण सहभागिता का संकल्प लिया।

विद्यार्थियों को बताया विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व

श्रीगंगानगर।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित हिंदुस्तान स्काउट गाइड हाल में निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों, प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया।

इस दौरान निर्वाचन जागरूकता क्लब, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, यू डाइस के साथ-साथ शी पोर्टल पर चर्चा की गयी। साथ ही विद्यार्थियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व बताया गया। बैठक में एडीईईओ श्री अशोक वधवा, एसीबीईओ श्री सुनील दामडी, महिला एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री विजय कुमार और जिला स्वीप समन्वयक श्री रमन कुमार असीजा उपस्थित रहे। इस दौरान निजी विद्यालयों के संगठन प्रभारी अधिकारियों द्वारा शिक्षा विभाग के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर चलने और सहयोग की हामी भरते हुये बा[illegible]थों की सुरक्षा मानको की पालना एवं नशा मुक्ति जैसे संकल्पों में पूर्ण सहभागिता का संकल्प लिया।

रायसिंहनगर: एसडीएम ने एसआईआर का काम पूर्ण करने के दिए निर्देश

रायसिंहनगर | एसआईआर के अंतिम चरण के कार्य को लेकर बीएलओ व सुपरवाइजरों की संयुक्त बैठक एसडीएम सुभाषचंद्र चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में हुई। बैठक में एसडीएम ने नो-मैपिंग को कम करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक बीएलओ अपने कार्य क्षेत्र में घर-घर जाकर जानकारी का मिलान करें ताकि एक भी पात्र मतदाता छूट न पाए।

विद्यार्थियों को बताया विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व

श्रीगंगानगर, 9 दिसम्बर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित हिंदुस्तान स्काउट गाइड हाल में निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों, प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस दौरान निर्वाचन जागरूकता क्लब, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, यू डाइस के साथ-साथ शी पोर्टल पर चर्चा की गयी। साथ ही विद्यार्थियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व बताया गया। बैठक में एडीईईओ श्री अशोक वधवा, एसीबीईओ श्री सुनील दामडी, महिला एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री विजय कुमार और जिला स्वीप समन्वयक श्री रमन कुमार असीजा उपस्थित रहे।

इस दौरान निजी विद्यालयों के संगठन प्रभारी अधिकारियों द्वारा शिक्षा विभाग के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर चलने और सहयोग की हामी भरते हुये बाल वाहिनियों की सुरक्षा मानको की पालना एवं नशा मुक्ति जैसे संकल्पों में पूर्ण सहभागिता का संकल्प लिया।

बीएलओ को दूसरे सर्वे कार्य में लगाने पर शिक्षक संघ का विरोध, एडीएम से की भेंट

उदयपुर (पुकार)। पंचायत राज शिक्षक संघ ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को चुनावी कार्य के साथ-साथ जातीय सर्वेक्षण में प्रगणक नियुक्त करने के आदेश का विरोध किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष शेर सिंह चौहान के नेतृत्व में मंगलवार को प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर जितेंद्र ओझा को ज्ञापन सौंपकर इन आदेशों को निरस्त करने की मांग की।

चौहान ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि बीएलओ को निर्वाचन कार्य के अलावा किसी अन्य कार्य में नहीं लगाया जाए, लेकिन इन आदेशों की अनदेखी करते हुए जनगणना के लिए बीएलओ को नियुक्त किया जा रहा है। इससे शिक्षकों में गहरा रोष है। उन्होंने कहा कि बीएलओ ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूरे किए हैं। साथ ही वे अपने मूल शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं। अतिरिक्त सर्वे कार्य से विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित होगी और छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

संघ ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेशों का पालन करते हुए बीएलओ को किसी भी प्रकार के सर्वे या प्रगणक कार्य में न लगाया जाए, अन्यथा संगठन आगामी रणनीति तय करेगा। प्रतिनिधि मंडल में नवीन व्यास, भेरूलाल कलाल, कमलेश शर्मा, प्रेम सिंह भाटी, महेश कुमार वर्मा, सुभाष बिश्नोई, श्याम कुमार मेघवाल, दिनेश नलवाया, आशा खाबिया, केसूलाल चौधरी और ईश्वर मीणा सहित कई सदस्य शामिल रहे।

दैनिक भास्कर उदयपुर 10-12-2025

भास्कर एक्सक्लूसिव 11 तक एसआईआर ड्यूटी, 15 को देना होगा परीक्षा परिणाम

148 स्कूलों में एकल शिक्षक, 110 को बीएलओ बनाया, सवाल- 3 दिन में कैसे तैयार होगा रिजल्ट

भुवनेश पंड्या | उदयपुर

सरकार और शिक्षा विभाग के आदेशों के बावजूद शिक्षकों को एसआईआर से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि जिन स्कूल में एकल शिक्षक हैं, उन्हें भी बीएलओ की ड्यूटी में लगा दिया गया है। इससे उन स्कूलों में शिक्षण व्यवस्थाएं पूरी तरह से ठप हो गई है। परीक्षा से एनवक्त पहले बनी यह स्थिति विद्यार्थियों के लिए संकट से कम नहीं है।

दरअसल, जिले में 15 ब्लॉक में 148 ऐसे स्कूल है, जिनमें एक-एक शिक्षक कार्यरत हैं। इसके बावजूद करीब 110 स्कूलों के शिक्षकों को बीएलओ लगा दिया। अब ये बीएलओ 11 दिसंबर तक ड्यूटी करेंगे। इसके बाद इन्हें 15 दिसंबर तक हर हाल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि ये शिक्षक केवल चार दिन में कॉपियां जांचकर परिणाम कैसे तैयार करेंगे? यही नहीं इन चार दिनों में से 14 दिसंबर को एक दिन का अवकाश भी शामिल है।

समीपस्थ स्कूलों से व्यवस्थार्थ लगाए शिक्षक, वे कॉपियां-रिजल्ट नहीं देखेंगे

एकल शिक्षक वाले स्कूलों में वैसे भी बच्चों की पढ़ाई वर्षभर प्रभावित रहती है। एसआईआर के बीच इन स्कूलों में जिन शिक्षकों को अस्थायी रूप से लगाया गया है, वे भी केवल स्कूल की व्यवस्थाएं ही संभाल पाते हैं। कुछ बीईईओ का कहना है कि स्कूल खाली नहीं रहे इसके लिए पीईईओ (पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी) यानी समीपस्थ बड़ी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के माध्यम से वहां पर व्यवस्थार्थ शिक्षक लगाए गए हैं। लेकिन, स्कूल के अन्य जरूरी काम तो मूल शिक्षक आकर ही निपटाएंगे।

कोटड़ा सीबीईओ बोलीं- हमारे सभी स्कूल खाली

भींडर के 15 स्कूलों में 1-1 शिक्षक

ब्लॉक	स्कूल
बड़गांव	06
भींडर	15
देवला	12
गिर्वा	09
गोगुंदा	15
झाड़ोल	06
खेमली	07
खेरवाड़ा	05
कोटड़ा	15
कुराबड़	12
मावली	13
नयागांव	07
फलासिया	06
ऋषभदेव	03
सायरा	10
वल्ल.नगर	07
कुल	148

भींडर ब्लॉक के सीबीईओ राजेंद्र कुमार चौबीसा और गोगुंदा ब्लॉक की सीबीईओ प्रेरणा नोसालिया ने बताया कि जिन एकल शिक्षक वाले स्कूलों से बीएलओ लगाए गए हैं, वहां पर समीपस्थ स्कूलों से शिक्षक भेज दिया गया है। ताकि समय पर स्कूल खुल सके। हालांकि, अन्य संबंधित काम तो वही शिक्षक आकर करेंगे।

कोटड़ा ब्लॉक सीबीईओ विजयलक्ष्मी सारस्वत ने बताया कि हमारे तो सभी स्कूल ही खाली पड़े हैं। हालात बेहद खराब हैं। अब जो एकल शिक्षक स्कूल हैं, उनके सामने परिणाम जारी करने की बड़ी समस्या है। जिन सीनियर स्कूलों में एक शिक्षक है वह अपनी और बच्चों की उपस्थिति ही दर्ज कर दे तो भी बड़ी बात है।

काम तो समय पर ही पूरा करना होगा : डीईओ

माध्यमिक के जिला शिक्षा अधिकारी लोकेश भारती का कहना है कि जो काम निर्वाचन विभाग की ओर से सौंपा गया है, उसे पूर्ण करना ही है। जब उनसे कॉपियों की जांच और परीक्षा परिणामों की तारीख को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से परीक्षा परिणाम जारी करने की तिथि भी घोषित कर दी गई है। अब इसे देखते हुए शिक्षकों को जल्द से जल्द काम पूरे करने होंगे।

शिक्षक संघ विरोध में, सरकार भी दे चुकी आदेश, हालात नहीं बदले

एसआईआर को लेकर लगभग पूरे प्रदेश में एक जैसे हालात हैं। शिक्षक संगठनों के लगातार विरोध के बाद सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किया। इसके बाद शिक्षा विभाग की ओर से भी इस संबंध में गाइडलाइन जारी की गई। जिसमें सभी कलेक्टरों को शिक्षकों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) से रिलीव करने के निर्देश दिए गए। शिक्षकों की जगह दूसरे विभागों के कर्मचारियों को इस काम में लगाने को कहा गया। लेकिन, इस आदेश का कोई असर नहीं हुआ। अब भी इस काम में जुटे कर्मचारियों में सबसे ज्यादा संख्या शिक्षकों की ही है। इसका असर स्कूलों पर साफ दिख रहा है।

दैनिक भास्कर उदयपुर 10-12-2025

बीएलओ को दूसरे सर्वे कार्य में लगाने पर शिक्षक संघ का विरोध, एडीएम से की भेंट

उदयपुर | पंचायत राज शिक्षक संघ ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को चुनावी कार्य के साथ-साथ जातीय सर्वेक्षण में प्रगणक नियुक्त करने के आदेश का विरोध किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष शेर सिंह चौहान के नेतृत्व में मंगलवार को प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर जितेंद्र ओझा को ज्ञापन सौंपकर इन आदेशों को निरस्त करने की मांग की।

चौहान ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि बीएलओ को निर्वाचन कार्य के अलावा किसी अन्य कार्य में नहीं लगाया जाए, लेकिन इन आदेशों की अनदेखी करते हुए जनगणना के लिए बीएलओ को नियुक्त किया जा रहा है। इससे शिक्षकों में गहरा रोष है। उन्होंने कहा कि बीएलओ ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूरे किए हैं। साथ ही वे अपने मूल शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं। अतिरिक्त सर्वे कार्य से विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित होगी और छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

संघ ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेशों का पालन करते हुए बीएलओ को किसी भी प्रकार के सर्वे या प्रगणक कार्य में न लगाया जाए, अन्यथा संगठन आगामी रणनीति तय करेगा।

प्रतिनिधि मंडल में नवीन व्यास, भेरूलाल कलाल, कमलेश शर्मा, प्रेम सिंह भाटी, महेश कुमार वर्मा, सुभाष बिश्नोई, श्याम कुमार मेघवाल, दिनेश नलवाया, आशा खाबिया, केसूलाल चौधरी और ईश्वर मीणा सहित कई सदस्य शामिल रहे।

10 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रमः भाजपा की बैठक में की गई घोषणा

एसआईआर प्रक्रिया में हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभाए :राठौड़

उदयपुर (पुकार)। भाजपा शहर जिला की बैठक मंगलवार को पार्टी कार्यालय, पटेल सर्कल पर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ के नेतृत्व में आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा जिलाध्यक्ष, महामंत्री, मंडल अध्यक्ष और मंडल महामंत्री उपस्थित रहे। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर आगामी पखवाड़े में होने वाले कार्यक्रमों की घोषणा की गई।

जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया अंतिम चरण में है, और हर कार्यकर्ता को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर 10 दिसंबर से 25 दिसंबर तक होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इसके तहत विभिन्न प्रमुख कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जिनमें प्रवासी राजस्थानी दिवस, सड़क सुरक्षा अभियान,

महिला सम्मेलन, और पर्यावरण संरक्षण अभियान शामिल है।

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए उदयपुर शहर और जिला विधानसभा प्रभारियों की घोषणा की गई। इन कार्यक्रमों के जिला संयोजक पारस सिंघवी और सहसंयोजक के रूप में किरण जैन, तख्त सिंह शक्तावत, श्याम सुथार, और खूबी लाल पालीवाल को नियुक्त किया गया। ग्रामीण विधानसभा संयोजक के रूप में अतुल चंडालिया और सहसंयोजक हिम्मत सिंह देवड़ा, दिनेश धाभाई, देवीलाल शर्मा और मनी गोखरना को जिम्मेदारी दी गई। शहर विधानसभा संयोजक के रूप में मनोहर चौधरी और सहसंयोजक के रूप में दिनेश गुप्ता, हेमंत बोहरा, शैलेंद्र चौहान और भगवान वैष्णव को चुना गया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अलका मूंदड़ा ने कहा कि राजस्थान सरकार के सफल दो वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने संगठन को वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ आगे बढ़ाने की बात की। सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने कहा कि आगामी पखवाड़े को विजयोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसके माध्यम से संगठन के सुदृढ़ीकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे, और एस आई आर प्रक्रिया में सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

निवर्तमान जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक ने अपने संबोधन में कहा कि वे उदयपुर शहर जिला प्रभारी के रूप में विदाई लेकर अब प्रतापगढ़ जिला प्रभारी के रूप में अपनी नई भूमिका निभाएंगे। उन्होंने संगठन के माध्यम से निरंतर सेवा कार्य को जारी रखने की बात कही।

महामंत्री देवीलाल सालवी ने बताया कि 10 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से प्रवासी राजस्थानी दिवस, एन आर आई चैप्टर संवाद, सड़क सुरक्षा अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, राज्य स्तरीय युवा समारोह, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, महिला सम्मेलन, किसान सम्मेलन, युवा रोजगार दिवस, पर्यावरण संरक्षण अभियान, पर्यटन कॉन्क्लेव, और 25 दिसंबर को सुशासन दिवस एवं अटल बिहारी वाजपेयी जयंती शामिल है।

भा.ज.पा. जिला महामंत्री डॉ. पंकज बोराणा ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। भाजपा शहर जिला महामंत्री और कार्यक्रम के जिला संयोजक पारस सिंघवी ने कहा कि एस आई आर प्रक्रिया और आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा जाएगा।

भाजपा शहर जिला मीडिया प्रभारी डॉ सीमा चंपावत ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अलका मूंदड़ा सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक प्रमोद सामर जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक पूर्व अध्यक्ष दिनेश भट्ट महामंत्री पारस सिंघवी देवीलाल सालवी पंकज बोराणा प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सुनीता पिंकी मंडावत पूर्व महापौर रजनी डांगी आपदा प्रबंधन प्रदेश संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री एक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौहान उपाध्यक्ष तख्त सिंह शक्तावत देवनारायण धाभाई हेमा माली जिला मंत्री प्रकाश अग्रवाल सिद्धार्थ शर्मा अशोक शर्मा युवराज मालवीय सपना कुर्डिया मीडिया प्रभारी डॉ सीमा चंपावत कृष्णकांत कुमावत भाजपा प्रवक्ता गोविंद दीक्षित अशोक नागदा अशोक आमेटा नगर निकाय अध्यक्ष नानालाल व्यास सभी मंडल अध्यक्ष कालेंद्र वैष्णव रंजीत सिंह दिगपाल कमलेश शर्मा सुनील चौधरी अमृत मेनारिया सुनील चौधरी परविंदर सिंह सुरेंद्र सिंह मोहनमहामंत्री राकेश जैन सभी मोर्चों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

दैनिक नवज्योति Udaipur-City - 10 Dec 2025 - Page 7

बीएलओ को लगाया सर्वे के लिए प्रगणक, जताया विरोध

ब्यूरो नवज्योति, उदयपुर। जिले के शिक्षक बीएलओ को चुनाव कार्य के साथ अन्य जातीय सर्वे कार्य के लिए प्रगणक नियुक्ति करने को लेकर पंचायत राज शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष शेर सिंह चौहान के नेतृत्व में मंगलवार को अतिरिक्त कलक्टर जितेंद्र ओझा को ज्ञापन सौप कर प्रगणक नियुक्ति आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है।

चौहान ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के आदेश अनुसार राज्य में नियोजित किसी भी बूथ लेवल अधिकारी को निर्वाचन के अलावा अन्य कार्यों में प्रगणक नहीं लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन इसआदेश को नजरअंदाज कर बूथ लेवल अधिकारियों को अन्य जातीय जनगणना कार्य करने के लिए नियुक्ति आदेश जारी किए जा रहे हैं। जिससे जिले के बीएलओ शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। चौहान ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा निर्वाचन विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रम मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य बड़ी निष्ठा टाइम लगन के साथ

समय पर किया गया है। बीएलओ द्वारा निर्वाचन का कार्य करने के साथ ही अपना मूल शैक्षणिक कार्य करने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां का निर्वहन भी किया जाना है। जिसके तहत अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच एवं 15 दिसम्बर तक शाला दर्पण पर

ऑनलाइन अपलोड करना, समय से पूर्व निर्धारित पाठ्यक्रम को पूरा करना एवं बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन करने के साथ ही विभिन्न जिम्मेदारियां का निर्वहन किया जा रहा है। यदि मूल कार्यों को भी नहीं किया जाएगा तो विद्यालय में पढ़ने सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के भविष्य के साथ में खिलवाड़ होने जैसी स्थिति पैदा हो रही है।

चौहान ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर के आदेश की पालना करते हुए राज्य में नियोजित किसी भी बूथ लेवल अधिकारी को निर्वाचन के अलावा अन्य कार्यों में प्रगणक या, सर्वे कार्य में नहीं लगाने की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल में नवीन व्यास ,भेरूलाल कलाल , कमलेश शर्मा ,प्रेम सिंह भाटी ,महेश कुमार वर्मा ,सुभाष विश्नोई ,श्याम कुमार मेघवाल, दिनेश नलवाया, आशा खाबिया, केसुलाल चौधरी, ईश्वर मीणा आदिशामिल थे।

विशेष गहन पुनरीक्षण 2026

#SriGanganagar

98 हजार मतदाताओं ने फार्म नहीं भरे, इनका होगा वेरीफिकेशन

श्रीगंगानगर जिले में 97.27% मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

श्रीगंगानगर. मतदाताओं के वेरीफिकेशन कार्य का जायजा लेतीं जिला निर्वाचन अधिकारी।

श्रीगंगानगर. जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में 15 लाख 63 हजार 593 मतदाताओं में से 15 लाख 20 हजार 906 से अधिक मतदाताओं की मैपिंग 2002 की मतदाता सूची से हो चुकी है। यह कुल मतदाताओं का 97.27 प्रतिशत है। मैपिंग उन मतदाताओं की हुई है, जिनका नाम 2002 की मतदाता सूची में है या जो इस मतदाता सूची के मतदाताओं के वारिस हैं। अब छह विधानसभा क्षेत्रों में 98002 ऐसे मतदाताओं के वेरीफिकेशन की प्रक्रिया चल रही है, जिनका फार्म नहीं भरा जा सका है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने बताया कि जिन मतदाताओं के परिगणना फार्म नहीं भरे गए हैं, उनके वेरीफिकेशन की प्रक्रिया 11 दिसम्बर तक चलेगी। यह तिथि निर्वाचन आयोग ने तय की है। जिन मतदाताओं के फार्म नहीं भरे गए हैं, उनकी अलग-अलग श्रेणी है। इनमें 26627 मतदाता ऐसे हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं की संख्या 14123 तथा स्थाई रूप से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं की संख्या 51 हजार है। इनके अलावा दो-दो वोट वाले मतदाताओं की संख्या 5519 मिली है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। जिन मतदाताओं के नाम दो स्थानों पर मिले उनके नाम एक स्थान की मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इनके अलावा स्थाई रूप से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से यह मान कर हटा दिए जाएंगे कि उन्होंने नए स्थान पर वोट बना लिए हैं।

अभी भी मौका है

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 दिसम्बर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। किसी मतदाता का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं मिले तो इसी दिन दावे एवं आपत्तियां दाखिल कर सकेंगे। इसकी अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 तक है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं होंगे, उनके दावे और आपत्ति सही पाई गई तो उनके नाम जोड़ दिए जाएंगे। किसी मतदाता को यह लगे कि उसका नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से हट गया है तो वह फार्म 6 भरने के साथ यह साबित कर देते हैं कि उनका नाम गलत हटा है तो उनका नाम जुड़ जाएगा।

एसआइआर एक नजर

कुल मतदाता- 1563593
मैपिंग हो चुकी- 1520906
फार्म नहीं भरा- 98002
मृत्यु हो चुकी- 26672
अनुपस्थित मिले- 14123
स्थाई स्थानांतरित- 51000
दो जगह वोट- 5519

प्रक्रिया जारी रहेगी

किसी मतदाता को अपना नाम मतदाता सूची में नहीं मिले तो वह कभी भी अपना नाम जुड़वा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे मतदाता फार्म नंबर 6 के साथ स्वयं का हल्फनामा देकर कभी भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अभी वेरीफिकेशन का काम चल रहा है। जिन मतदाताओं का वेरीफिकेशन किसी कारणवश नहीं हुआ है, वह अब करवा सकेंगे।

विद्यार्थियों को बताया विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व

श्रीगंगानगर, 9 दिसम्बर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित हिंदुस्तान स्काउट गाइड हाल में निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों, प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस दौरान निर्वाचन जागरूकता क्लब, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, यू डाइस के साथ-साथ शी पोर्टल पर चर्चा की गयी। साथ ही विद्यार्थियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व बताया गया। बैठक में एडीईओ श्री अशोक वधवा, एसीबीईओ श्री सुनील दामडी, महिला एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री विजय कुमार और जिला स्वीप समन्वयक श्री रमन कुमार असीजा उपस्थित रहे।

इस दौरान निजी विद्यालयों के संगठन प्रभारी अधिकारियों द्वारा शिक्षा विभाग के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर चलने और सहयोग की हामी भरते हुये बाल वाहिनियों की सुरक्षा मानको की पालना एवं नशा मुक्ति जैसे संकल्पों में पूर्ण सहभागिता का संकल्प लिया।

रायसिंहनगर: एसडीएम ने एसआईआर का काम पूर्ण करने के दिए निर्देश

रायसिंहनगर| एसआईआर के अंतिम चरण के कार्य को लेकर बीएलओ व सुपरवाइजरों की संयुक्त बैठक एसडीएम सुभाषचंद्र चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में हुई। बैठक में एसडीएम ने नो-मैपिंग को कम करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक बीएलओ अपने कार्य क्षेत्र में घर-घर जाकर जानकारी का मिलान करें ताकि एक भी पात्र मतदाता छूट न पाए।

@DmSriganganagar

पत्रिका

बीएलओ का वार्डवासियों ने किया सम्मान

सागवाड़ा. बीएलओ का सम्मान करते पार्षद।

सागवाड़ा @ पत्रिका. एसआईआर कार्य को जिम्मेदारी और समर्पण भाव से पूरा करने पर बीएलओ का वार्डवासियों ने सम्मान किया। नगर के भाग संख्या 117 वार्ड दो के बीएलओ तौफिक शाह व भाग संख्या 132 वार्ड नौ के बीएलओ रमेशचंद्र शंकरलाल आदिवासी का स्वागत किया। इंदिरा कॉलोनी वार्ड दो के पार्षद फारुख लखारा और वार्ड नौ के पार्षद शायर हुसैन शेख ने दोनों बीएलओ की सराहना करते हुए घर-घर जाकर फार्म वितरण कर एसआईआर का कार्य शत-प्रतिशत पूरा किया।

इस दौरान शेख राजू भाई बर्तनवाला, मनोहर कोटेड, इस्माइल शेख, कालू नियारगर जावेद इरफान, जाकीर पठान, मुस्तकिम मकरानी मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
धौलपुर 10-12-2025

18 प्लस युवा मतदाता सूची में फार्म-6 भर नाम जुड़वाए

धौलपुर। भारत निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। बीएलओ भवानी कोली ने बताया कि 18 प्लस सभी युवक व युवतियां अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए बीएलओ को फॉर्म 6 भरकर उपलब्ध कराए या वोटर हेल्पलाइन से ऑनलाइन आवेदन करें।

रुमहिमा

मरुभूमि का प्रतिनिधि प्रातःकालीन दैनिक अखबार

फैक्स नं. 252238, 294188 मो. 9414149362 E-mail : marumahima@gmail.com

कुल पृष्ठ : 6

एसआईआर : विद्यार्थियों के लिए डिजिटल मतदाता जागरुकता सत्र संपन्न

जैसलमेर. **(मरुमहिमा)**। जिला स्वीप प्रकोष्ठ एवं मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में आदर्श विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान, जैसलमेर में व्यापक एवं तकनीकी रूप से उन्नत मतदाता जागरूकता एवं डिजिटल एकीकरण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एसआईआर 2026, ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण, इलेक्टोरल रोल प्रबंधन तथा गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के सभी चरणों से अवगत कराना रहा।

सत्र का संचालन जिला स्वीप समन्वयक प्रमोद कुमार व्यास द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को फॉर्म–6 ऑनलाइन आवेदन, आयु प्रमाणीकरण, डिजिटल दस्तावेज़ सत्यापन, फॉर्म–8 के माध्यम से एपिक सुधार तथा मतदान केंद्र आधारित रोल अद्यतन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। स्वीप टीम के सक्रिय सदस्य गोविंद गर्ग, रोशनी भूतड़ा और मांगीलाल सोनी ने प्रायोगिक प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थियों को चरणबद्ध समझ विकसित करवाई।

सत्र में डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा जागरूकता, ओटीपी प्रमाणीकरण, जियो–टैग्ड सत्यापन और सुरक्षित ऑनलाइन पहचान प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण तकनीकी अवधारणाओं पर विशेष बल दिया गया। टीम ने विद्यार्थियों को यह संदेश भी दिया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि डिजिटल नागरिकता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी, व्यावहारिक और ज्ञानवर्धक बताया। संस्थान ने जिला स्वीप प्रकोष्ठ, मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी एवं समन्वयक के प्रति आभार व्यक्त किया कि उन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं एवं ई–गवर्नेंस संरचना से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने का अवसर प्रदान किया।

यह जागरूकता कार्यक्रम विद्यालय में लोकतांत्रिक सहभागिता, डिजिटल सशक्तिकरण और उत्तरदायी नागरिकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस | कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

मानवाधिकार एवं मतदान की बताई महत्ता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

करौली. स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर स्विप कार्यक्रम के अन्तर्गत 'हमारा वोट का संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक मतदान का महत्व' शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता साक्षरता क्लब एवं मानवाधिकार समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य रफीक अहमद ने की। इस मौके पर विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें उन्होंने वोट की महत्ता एवं संवैधानिक अधिकारों के बारे में बताया। प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर ध्रुविका शर्मा, द्वितीय स्थान वर्षा मीना एवं तृतीय स्थान पर योगेश रहे। महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. रामअवतार मीना ने मानवाधिकार एवं मतदान की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एसआइआर एवं एसएसआर में बीएलओ की भूमिका एवं उनको सहायता देने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। सुमन गुर्जर ने मानवाधिकारों के संदर्भ में यूएनओ की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने मताधिकार की महत्ता एवं मतदान में नैतिक मूल्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. सुरेश चन्द गुप्ता ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. मनमोहन मीना, डॉ. दामोदर लाल मीना, डॉ. लीना शर्मा, डॉ. गुंजन गर्ग, डॉ. मुनेश लाल मीना, डॉ. विश्राम लाल मीना, संजना जाटव, कैलाश चन्द कोली आदि मौजूद रहे।

मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता ही सशक्त समाज की नींव

टोडाभीम. उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को विश्व मानवाधिकार दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। प्राचार्य डॉ. उदयराज मीना ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नैतिक मतदान के महत्व को समझाना रहा। इस अवसर पर संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक मतदान के महत्व, विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई जिसमे मुख्य वक्ता डॉ. गोरख कुमार शर्मा ने वैश्विक मानवाधिकारों की पृष्ठभूमि, आवश्यकता और संरक्षण के उपायों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए छात्रों को बताया कि मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करता हैं, इसलिए इनका सम्मान और संरक्षण आवश्यक है। संगोष्ठी में डॉ. पूर्णिमा श्रीवास्तव ने नैतिक मतदान की भूमिका और नागरिकों को प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता मीना ने किया। कार्यक्रम के तहत विरुद्ध मानवाधिकार उल्लंघन विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। इसमें अंतश्री मीना ने प्रथम, कुसुमलता मीना ने द्वितीय, तथा पूनम मीना एवं निशा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन अभिषेक मीना ने किया।

टोडाभीम कॉलेज में संगोष्ठी को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस • सरकारी कॉलेजों में संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, छात्र-छात्राओं को कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी

नैतिक मतदान के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

हिंडौन सिटी। हमारा वोट संवैधानिक अधिकार का महत्व बताया।

हिंडौन सिटी। मानवाधिकार दिवस पर एनएसएस की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में हमारा वोट संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक मतदान का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं व अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र गुप्ता ने की।

मुख्य अतिथि अधिवक्ता महेश गोयल उपस्थित रहे। साथ ही श्री अग्रसेन शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी, उपाध्यक्ष प्रकाश खेड़िया, कोषाध्यक्ष सुरेश तिघरिया तथा महाविद्यालय सचिव डॉ. आनंद अग्रवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगीत के साथ हुआ। इसके बाद एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने मतदान को संवैधानिक अधिकार बताते हुए नैतिक मतदान के महत्व पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मतदाता को किसी प्रलोभन से दूर रहकर योग्य व देशहित में कार्य करने वाले प्रत्याशी का चयन करना चाहिए, क्योंकि सही प्रतिनिधि राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सह आचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने मानवाधिकारों पर प्रभावी व्याख्यान प्रस्तुत कर छात्राओं को जागरूक किया। इसके बाद आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने मानवाधिकार और नैतिक मतदान विषय पर विचार प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किए। मंच संचालन छात्रा खुशबू गौड़, तानिया शर्मा तथा सह-आचार्या ललिता मुद्गल ने किया। कार्यक्रम में सह आचार्य प्रेमप्रकाश द्वारा प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता महेश गोयल ने संविधान में मानवाधिकार संबंधी प्रावधानों और मतदान की महत्ता पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। भाषण, प्रस्तुति व प्रश्नोत्तरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य डॉ. गुप्ता के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

टोडाभीम। कस्बे के कन्या महाविद्यालय में मनाया मानवाधिकार दिवस।

भाषण प्रतियोगिता में कुसुमलता प्रथम

टोडाभीम। राजकीय कन्या महाविद्यालय व राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. उदयराज मीना ने बताया कि इस अवसर पर हमारे वोट : संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक मतदान का महत्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता गौरव कुमार शर्मा ने वैश्विक मानवाधिकारों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. पूर्णिमा श्रीवास्तव ने नैतिक मतदान और संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी। अभिषेक मीना ने विश्व मानवाधिकार विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें प्रथम स्थान पर कुसुमलता मीना, द्वितीय स्थान पर पूनम मीना, तृतीय स्थान पर निशा कुमारी रहीं।

मानवाधिकार विषय पर संगोष्ठी



सूरौठ। राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को विश्व मानवाधिकार दिवस पर विचारोत्तेजक संगोष्ठी और विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी के प्रोफेसर डॉ. दिनेश मीणा एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे। नोडल प्राचार्य के निर्देशन में समसामयिक वैश्विक परिदृश्य में मानवाधिकार विषय पर संगोष्ठी हुई। डॉ. हरदयाल, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. सचिन कुमार ने कहा कि मानवाधिकार मानव गरिमा, समानता और स्वतंत्रता की नींव हैं। महाविद्यालय में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता भी हुई।

भाषण प्रतियोगिता में ध्रुविका प्रथम रहीं

करौली। राजकीय महाविद्यालय को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतदाता साक्षरता क्लब एवं मानवाधिकार समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत 'हमारा वोट का संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक मतदान का महत्व' विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। अध्यक्षता प्राचार्य रफीक अहमद ने की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषणों के माध्यम से वोट की महत्ता, मतदान के अधिकार तथा संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों पर प्रकाश डाला। निर्णायकों ने प्रथम ध्रुविका शर्मा, द्वितीय वर्षा मीना एवं तृतीय स्थान योगेश को प्रदान किया।

संकाय सदस्य डॉ. रामअवतार मीना ने मानवाधिकारों एवं मतदान की महत्ता पर विचार रखते हुए एसआईआर एवं एसएसआर में बीएलओ की भूमिका तथा उन्हें सहयोग देने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सुमन गुर्जर ने मानवाधिकारों के संरक्षण में यूएनओ की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राचार्य रफीक अहमद ने मताधिकार की उपयोगिता एवं मतदान में नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। मंच संचालन डॉ. सुरेश चन्द्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मनमोहन मीना, डॉ. धर्मेन्द्र लाल मीना, डॉ. लीना शर्मा, डॉ. गुंजन गर्ग सहित अनेक संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

राजीव गांधी कॉलेज में मानवाधिकार दिवस मनाया

नादौती। राजीव गांधी महाविद्यालय नादौती तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैमला में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ.प्रद्युम्न सिंह ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा तथा मानव गरिमा की रक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

मानवाधिकार व मूल अधिकारों की जानकारी दी

सपोटरा। पीजी महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य रामहरि मीणा की अध्यक्षता में मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को मानवाधिकार व मूल अधिकारों की जानकारी दी गई। प्राचार्य रामहरि मीणा ने विद्यार्थियों को मानवाधिकार की अवधारणा, उनके संवैधानिक स्वरूप व सामाजिक महत्व की जानकारी दी गई। उन्होंने व्यक्ति की गरिमा, स्वतंत्रता व समानता की सुरक्षा के अधिकार के बारे में भी अवगत कराया। इस दौरान सर्वेजीत मीणा, ऋषिकेश मीणा, साहब सिंह, जितेंद्र मीणा, प्रीति मीणा, मनीष गर्ग आदि उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन ऐप से पंजीकरण की जानकारी दी

हिंडौन सिटी| राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर मतदाता साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन ऐप से पंजीकरण और पहचान पत्र बनाने की जानकारी दी गई। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में उदय कुमार, सलोनी बंसल और प्रदीप कुमार को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

डॉ. शालिनी गुप्ता ने भारतीय निर्वाचन आयोग की मास्टर एप्लीकेशन की जानकारी साझा की। विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को मतदान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. महेश गर्ग, डॉ. श्रीनिवास गुर्जर, उपमा मीना, गुंजन गोयल, सुमित वीरेटिया समेत अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर हुआ आयोजन

नवज्योति/ बालोतरा। राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर, बालोतरा जिले के समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वावधान में विभिन्न ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को उनके संवैधानिक वोट के अधिकार और नैतिक मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक देवाराम प्रजापत ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर हमारे वोट का संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक मतदान विषय पर समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में हर वोट की शक्ति विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांकेतिक मतदान करवाते हुए विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विशेष रूप से भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मतदान न केवल हमारा संवैधानिक अधिकार है, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य भी है। हर नागरिक का वोट देश की दिशा तय करता है। मानवाधिकार दिवस हमें याद दिलाता है कि राजनीतिक सहभागिता, जिसमें मतदान भी शामिल है, एक मूलभूत अधिकार है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विद्यालयों में आयोजित किए गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

मरुलहर न्यूज

बालोतरा। राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर, बालोतरा जिले के समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वावधान में विभिन्न ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को उनके संवैधानिक वोट के अधिकार और नैतिक मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना था। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक देवाराम प्रजापत ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर हमारे वोट का संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक मतदान विषय पर समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 'लोकतंत्र में हर वोट की शक्ति' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांकेतिक मतदान करवाते हुए विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया से अवगत करवाया गया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विशेष रूप से भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला। बिना किसी लोभ, भय, दबाव के स्वतंत्रता से वोट डालने, जाति, धर्म, क्षेत्र से ऊपर उठकर योग्यता के आधार पर उम्मीदवार का चुनाव करने, देश और समाज के विकास को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारी के साथ मतदान करने को प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मतदान न केवल हमारा संवैधानिक अधिकार है, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य भी है।

हर नागरिक का वोट देश की दिशा तय करता है। मानवाधिकार दिवस हमें याद दिलाता है कि राजनीतिक सहभागिता, जिसमें मतदान भी शामिल है, एक मूलभूत अधिकार है।

युवा मतदाताओं के पंजीकरण की जानकारी दी

खेड़ . राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेड़ में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों की आयोजित छात्र सभा का ईएलसी प्रभारी व्याख्याता यशपाल सिंह ने मार्गदर्शन किया। युवा मतदाताओं के पंजीकरण से संबंधित आवश्यक ,आधारभूत जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को मतदाता सूची, आयु पात्रता, ऑनलाइन पंजीकरण तथा निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराया। प्राचार्य मुकेश कुमार ने राष्ट्र निर्माण एवं लोकतंत्र सुदृढ़ीकरण में नैतिक मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया। छात्रा पूजा, रेवती , छात्र रमेश कुमार, भागीरथ आदि ने मानवाधिकार, लोकतंत्र, मतदान जागरूकता पर अपने विचार रखे।

मत का उपयोग सोच-समझकर करें

बालोतरा @ पत्रिका. एमबीआर राजकीय महाविद्यालय बालोतरा में अंतरर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें छात्रों ने बढचढ़ कर भाग लिया। प्राचार्य डॉ. हरदान राम ने कहा कि लोकतंत्र में आम मतदाता का मत अत्यंत मूल्यवान है। स्वतंत्रता के बाद संविधान ने नागरिकों को जो सबसे महत्वपूर्ण अधिकार दिया है, वह मताधिकार है। इसलिए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी छात्र-छात्राएं अपने ,परिवारजनों के एसआईआर अपडेट अवश्य करवाएं। इससे वोटर कार्ड में कोई त्रुटि हो तो उसे समय रहते सुधार किया जा सके। मत का उपयोग सोच-समझकर करें । किसी भी लालच, दबाव या प्रलोभन में आकर अपने अधिकार का दुरुपयोग न करें। सहायक आचार्य डॉ. हिम्मताराम, पदमसिंह राठौड़ ,छात्र डूंगर चौधरी, स्वरूप और महिपाल सिंह ने विचार व्यक्त किए। मतदान को संवैधानिक अधिकार बताते हुए कहा कि निःस्वार्थ एवं निष्पक्ष होकर मतदान करना हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर प्रो. मनोज भार्गव, गोविंद सिंह, फरसाराम सराणा, पदमा बिश्नोई, कैंपस एंबेसडर स्वीप नरसाराम सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कपासन विधानसभा एसआईआर कार्य में प्रदेश में प्रथम

सीधा सवाल। कपासन। भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम स्ढ्ढ'-2026 में कपासन विधानसभा ने बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रदेश में सबसे पहले सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण किया। इस उपलब्धि पर सोमवार को एसआर वाटिका में सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें सुपरवाइजरों और बीएलओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और पूरे माहौल में उत्साह देखने को मिला। प्रशासन की ओर से आयोजित इस समारोह में उन लोकतंत्र प्रहरियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने ऑनलाइन मैपिंग सहित सभी कार्य समय पर पूरा कर विधानसभा को जिले और राज्य में प्रथम स्थान दिलाया। कार्यक्रम में कलेक्टर आलोक रंजन मुख्य अतिथि और उपखंड अधिकारी राजेश सुवालका अध्यक्ष रहे। कलेक्टर रंजन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 सुपरवाइजरों और 308 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कलेक्टर रंजन ने कहा कि कपासन विधानसभा के लोकतंत्र प्रहरियों ने टीमवर्क और निष्ठा के साथ कार्य कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगामी चरणों में भी इसी उत्साह के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव और विचार साझा किए। समारोह में राशमी उपखंड अधिकारी अंजू शर्मा, भूपालसागर उपखंड अधिकारी महेश कुमार, तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा, राशमी तहसीलदार वेनी प्रसाद सरगरा, भूपालसागर तहसीलदार अपूर्व गोतम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अश्विन कुमार व्यास और उज्ज्वल दाधीच ने किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी देंगे प्रशंसा पत्र

दो दिन में एसआईआर कार्य पूर्ण कर पेश की मिसाल

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बारां. जहां एक ओर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) को लेकर देश भर में पक्ष विपक्ष में दलीलें दी जा रही है। बीएलओ पर काम का दबाव बताया जा रहा है। ऐसे में एसआईआर के कार्य को संवेदनशीलता से लेकर जिले की एक बीएलओ ने अपने क्षेत्र के बूथ की एसआइआर कार्यक्रम शुरू होने की तारीख से दो दिन में ही करके पूर्ण कर डिजिटाइजेशन कर दिया। जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों का तो सौ फीसदी एसआईआर पूर्ण हो चुका हैं। एक मात्र शेष अन्ता विधानसभा में उप चुनाव के कारण एसआईआर का कार्य 8 नवम्बर से शुरु किया गया है, जो 12 मार्च तक किया जाएगा। अन्ता विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 110 सिंधपुरी में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की लेवल 2 की शिक्षिका बीएलओ निर्मला ने एसआईआर शुरू होने की तारीख के महज दो दिन में ही कार्य पूर्ण कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। बीएलओ निर्मला ने बताया कि 29 नवम्बर को एसआईआर को लेकर अन्ता पंचायत समिति में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उसके बाद से मेपिंग का कार्य शुरु कर दिया था। उन्होंने 4 दिसम्बर को ही ऑफ लाइन मेपिंग कम्पलीट कर लिया था। 7 दिसम्बर को गणना प्रपत्र दिए गए थे। 8 दिसम्बर को वितरित किए गए। इसकी उन्होंने रातभर में ऑनलाइन मेपिंग की। 9 दिसम्बर को फॉर्म वापस लेकर कार्य को उसी दिन पूर्ण कर लिया।

बीएलओ को देगें प्रशंसा पत्र

आरओ हवाई सिंह यादव ने बताया कि निर्मला ने अपने दायित्व को पूरी निष्ठा, तत्परता और तकनीकी दक्षता के साथ सम्पादित किया। इस कार्य से ग्रामीण ही नहीं अधिकारी भी प्रभावित हुए है। यदि लगन अनुसाशन ओर जिम्मेदारी के प्रति समर्पण हो तो सीमित समय में ही उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते है। उनका यह कार्य अन्य बीएलओ एवं सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रेरणा है। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि बीएलओ निर्मला के निष्ठापूर्ण कार्य को लेकर उन्हें प्रशंसा पत्र दिया जाएगा। बीएलओ ने अच्छा प्रयास किया है।

बारां. अन्ता विधानसभा क्षेत्र के सिंधपुरी की बीएलओ निर्मला।

कपासन विधानसभा एसआइआर 2026 कार्य में प्रदेश में प्रथम

कलक्टर ने लोकतंत्र प्रहरियों की पूरी टीम को सम्मानित किया

कपासन। कपासन विधानसभा क्षेत्र ने भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 का कार्य प्रदेश में सबसे पहले सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस उपलब्धि पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एसआईआर कार्यक्रम में कार्यरत सुपरवाइजरों और बीएलओ को सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

प्रशासन की ओर से एसआर वाटिका में आयोजित इस समारोह में उन लोकतंत्र प्रहरियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने ऑनलाइन मैपिंग के साथ शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर जिले और राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम कलक्टर आलोक रंजन के मुख्य आतिथ्य और एसडीएम राजेश सुवालका की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कलेक्टर रंजन ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 सुपरवाइजरों और 308 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलक्टर रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि कपासन विधानसभा के लोकतंत्र प्रहरियों ने पूरी निष्ठा और टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जो उनके और यहां के अधिकारियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस कार्य को याद रखे जाने योग्य बताया और आगामी चरणों में भी इसी उत्साह के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

समारोह में राशमी एसडीएम अंजू शर्मा, भूपालसागर एसडीएम महेश कुमार, तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा, राशमी तहसीलदार वेनीप्रसाद सरगरा, भूपालसागर तहसीलदार अपूर्व गीतम सहित विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अश्विन कुमार व्यास और उज्ज्वल दाधीच ने किया।

एसआइआर : कपासन ने पूरे राजस्थान में लहराया परचम

राज्य में प्रथम आने पर 339 लोकतंत्र के प्रहरियों का किया सम्मान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कपासन. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यर म (एसआइआर) के तहत गणना प्रपत्रों की मैपिंग और ऑनलाइन करने में कपासन विधानसभा क्षेत्र के राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर रहने पर सोमवार शाम को सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

स्थानीय एसआर वाटिका में हुए इस लोकतंत्र के प्रहरियों के अभिनंदन समारोह में जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कपासन क्षेत्र के सभी 308 बूथ लेवल अधिकारियों और 31 सुपरवाइजरों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कलेक्टर रंजन ने टीम वर्क की सराहना करते हुए कहा कि इतनी व्यापक और चुनौतीपूर्ण कार्यर म को निष्ठापूर्वक समय सीमा में पूरा करने पर जिला प्रशासन आभारी है। उन्होंने सभी को भविष्य में भी इसी समर्पण से कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व एसडीएम राजेश सुवालका ने भी बीएलओ और सुपरवाइजरों की कर्तव्य निष्ठा और कार्य कुशलता की प्रशंसा की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंत में सभी अधिकारियों और बीएलओ ने सामूहिक भोज किया, जिससे टीम भावना और मजबूत हुई। समारोह में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसीलदार नासिर मिर्जा बैग, राशमी तहसीलदार बेनी प्रसाद सरगरा, तहसीलदार भोपाल सागर अपूर्व गौतम, नायब तहसीलदार भादसोड़ा शिवशंकर पारीक, एसडीओ भोपालसागर महेश गागोरिया, एसडीओ भदेसर रजनी मीणा, एसडीओ राशमी अंजू शर्मा आदि मंचासीन थे। मास्टर ट्रेनर अश्विनी कुमार व्यास एवं शारीरिक शिक्षक उज्जवल दाधीच ने समारोह का संयोजन किया।

दैनिक भास्कर

चित्तौड़गढ़ भास्कर 10-12-2025

सम्मान समारोह • एसआर वाटिका में 31 सुपरवाइजर, 308 बीएलओ का सम्मान

एसआईआर के कार्य में प्रदेश में अग्रणी रही टीम कपासन को किया सम्मानित

भास्कर न्यूज | कपासन

भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में कपासन विधानसभा क्षेत्र ने प्रदेश में सबसे पहले कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में समारोह आयोजित कर सुपरवाइजरों और बीएलओ को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता एसडीएम राजेश सुवालका ने की। प्रशासन की ओर से एसआर वाटिका में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर रंजन ने एसआईआर में कार्यरत रहे 31 सुपरवाइजरों और 308 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कपासन. बीएलओ व सुपरवाइजरों को सम्मानित करते कलेक्टर आलोक रंजन।

कलेक्टर ने कहा कि कपासन विस क्षेत्र में इन लोकतंत्र प्रहरियों ने पूरी निष्ठा और टीम वर्क के साथ प्रदेश में सबसे पहले अपना काम पूरा किया। जो गर्व और हमेशा याद रखने योग्य है। इस अवसर पर एसडीएम राशमी अंजू शर्मा, भूपालसागर महेश कुमार, तहसीलदार कपासन मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा, राशमी के वेनीप्रसाद सरगरा व भूपालसागर के अपूर्व गीतम सहित कई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे संचालन अश्विन कुमार व्यास और उज्ज्वल दाधीच ने किया अभियान में कार्यरत अधिकारि और कर्मचारियों ने भी अप अनुभव शेयर किए।

कपासन विधानसभा एसआईआर कार्य में प्रदेश में प्रथम

सीधा सवाल। कपासन। भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम स्ढ्व'-2026 में कपासन विधानसभा ने बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रदेश में सबसे पहले सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण किया। इस उपलब्धि पर सोमवार को एसआर वाटिका में सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें सुपरवाइजरों और बीएलओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और पूरे माहौल में उत्साह देखने को मिला। प्रशासन की ओर से आयोजित इस समारोह में उन लोकतंत्र प्रहरियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने ऑनलाइन मैपिंग सहित सभी कार्य समय पर पूरा कर विधानसभा को जिले और राज्य में प्रथम स्थान दिलाया। कार्यक्रम में कलेक्टर आलोक रंजन मुख्य अतिथि और उपखंड अधिकारी राजेश सुवालका अध्यक्ष रहे। कलेक्टर रंजन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 सुपरवाइजरों और 308 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कलेक्टर रंजन ने कहा कि कपासन विधानसभा के लोकतंत्र प्रहरियों ने टीमवर्क और निष्ठा के साथ कार्य कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगामी चरणों में भी इसी उत्साह के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव और विचार साझा किए। समारोह में राशमी उपखंड अधिकारी अंजू शर्मा, भूपालसागर उपखंड अधिकारी महेश कुमार, तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा, राशमी तहसीलदार वेनी प्रसाद सरगरा, भूपालसागर तहसीलदार अपूर्व गोतम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अश्विन कुमार व्यास और उज्ज्वल दाधीच ने किया।

कपासन विधानसभा एसआइआर 2026 कार्य में प्रदेश में प्रथम

कलक्टर ने लोकतंत्र प्रहरियों की पूरी टीम को सम्मानित किया

कपासन। कपासन विधानसभा क्षेत्र ने भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 का कार्य प्रदेश में सबसे पहले सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस उपलब्धि पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एसआईआर कार्यक्रम में कार्यरत सुपरवाइजरों और बीएलओ को सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

प्रशासन की ओर से एसआर वाटिका में आयोजित इस समारोह में उन लोकतंत्र प्रहरियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने ऑनलाइन मैपिंग के साथ शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर जिले और राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम कलक्टर आलोक रंजन के मुख्य आतिथ्य और एसडीएम राजेश सुवालका की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कलेक्टर रंजन ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 सुपरवाइजरों और 308 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलक्टर रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि कपासन विधानसभा के लोकतंत्र प्रहरियों ने पूरी निष्ठा और टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जो उनके और यहां के अधिकारियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस कार्य को याद रखे जाने योग्य बताया और आगामी चरणों में भी इसी उत्साह के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

समारोह में राशमी एसडीएम अंजू शर्मा, भूपालसागर एसडीएम महेश कुमार, तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा, राशमी तहसीलदार वेनीप्रसाद सरगरा, भूपालसागर तहसीलदार अपूर्व गीतम सहित विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अश्विन कुमार व्यास और उज्ज्वल दाधीच ने किया।

एसआइआर : कपासन ने पूरे राजस्थान में लहराया परचम

राज्य में प्रथम आने पर 339 लोकतंत्र के प्रहरियों का किया सम्मान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कपासन. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यर म (एसआइआर) के तहत गणना प्रपत्रों की मैपिंग और ऑनलाइन करने में कपासन विधानसभा क्षेत्र के राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर रहने पर सोमवार शाम को सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

स्थानीय एसआर वाटिका में हुए इस लोकतंत्र के प्रहरियों के अभिनंदन समारोह में जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कपासन क्षेत्र के सभी 308 बूथ लेवल अधिकारियों और 31 सुपरवाइजरों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कलेक्टर रंजन ने टीम वर्क की सराहना करते हुए कहा कि इतनी व्यापक और चुनौतीपूर्ण कार्यर म को निष्ठापूर्वक समय सीमा में पूरा करने पर जिला प्रशासन आभारी है। उन्होंने सभी को भविष्य में भी इसी समर्पण से कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व एसडीएम राजेश सुवालका ने भी बीएलओ और सुपरवाइजरों की कर्तव्य निष्ठा और कार्य कुशलता की प्रशंसा की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंत में सभी अधिकारियों और बीएलओ ने सामूहिक भोज किया, जिससे टीम भावना और मजबूत हुई। समारोह में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसीलदार नासिर मिर्जा बैग, राशमी तहसीलदार बेनी प्रसाद सरगरा, तहसीलदार भोपाल सागर अपूर्व गौतम, नायब तहसीलदार भादसोड़ा शिवशंकर पारीक, एसडीओ भोपालसागर महेश गागोरिया, एसडीओ भदेसर रजनी मीणा, एसडीओ राशमी अंजू शर्मा आदि मंचासीन थे। मास्टर ट्रेनर अश्विनी कुमार व्यास एवं शारीरिक शिक्षक उज्जवल दाधीच ने समारोह का संयोजन किया।

दैनिक भास्कर

चित्तौड़गढ़ भास्कर 10-12-2025

सम्मान समारोह • एसआर वाटिका में 31 सुपरवाइजर, 308 बीएलओ का सम्मान

एसआईआर के कार्य में प्रदेश में अग्रणी रही टीम कपासन को किया सम्मानित

भास्कर न्यूज | कपासन

भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में कपासन विधानसभा क्षेत्र ने प्रदेश में सबसे पहले कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में समारोह आयोजित कर सुपरवाइजरों और बीएलओ को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता एसडीएम राजेश सुवालका ने की। प्रशासन की ओर से एसआर वाटिका में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर रंजन ने एसआईआर में कार्यरत रहे 31 सुपरवाइजरों और 308 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कपासन. बीएलओ व सुपरवाइजरों को सम्मानित करते कलेक्टर आलोक रंजन।

कलेक्टर ने कहा कि कपासन विस क्षेत्र में इन लोकतंत्र प्रहरियों ने पूरी निष्ठा और टीम वर्क के साथ प्रदेश में सबसे पहले अपना काम पूरा किया। जो गर्व और हमेशा याद रखने योग्य है। इस अवसर पर एसडीएम राशमी अंजू शर्मा, भूपालसागर महेश कुमार, तहसीलदार कपासन मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा, राशमी के वेनीप्रसाद सरगरा व भूपालसागर के अपूर्व गीतम सहित कई विभा के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे संचालन अश्विन कुमार व्यास और उज्ज्वल दाधीच ने किया अभियान में कार्यरत अधिकारि और कर्मचारियों ने भी अप अनुभव शेयर किए।

रायसिंहनगर: एसडीएम ने एसआईआर का काम पूर्ण करने के दिए निर्देश

रायसिंहनगर| एसआईआर के अंतिम चरण के कार्य को लेकर बीएलओ व सुपरवाइजरों की संयुक्त बैठक एसडीएम सुभाषचंद्र चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में हुई। बैठक में एसडीएम ने नो-मैपिंग को कम करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक बीएलओ अपने कार्य क्षेत्र में घर-घर जाकर जानकारी का मिलान करें ताकि एक भी पात्र मतदाता छूट न पाए।

विद्यार्थियों को बताया विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व

श्रीगंगानगर, 9 दिसम्बर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित हिंदुस्तान स्काउट गाइड हाल में निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों, प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस दौरान निर्वाचन जागरूकता क्लब, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, यू डाइस के साथ-साथ शी पोर्टल पर चर्चा की गयी। साथ ही विद्यार्थियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व बताया गया। बैठक में एडीईईओ श्री अशोक वधवा, एसीबीईओ श्री सुनील दामडी, महिला एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री विजय कुमार और जिला स्वीप समन्वयक श्री रमन कुमार असीजा उपस्थित रहे।

इस दौरान निजी विद्यालयों के संगठन प्रभारी अधिकारियों द्वारा शिक्षा विभाग के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर चलने और सहयोग की हामी भरते हुये बाल वाहिनियों की सुरक्षा मानको की पालना एवं नशा मुक्ति जैसे संकल्पों में पूर्ण सहभागिता का

विद्यार्थियों को बताया विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व

श्रीगंगानगर।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित हिंदुस्तान स्काउट गाइड हाल में निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों, प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया।

इस दौरान निर्वाचन जागरूकता क्लब, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, यू डाइस के साथ-साथ शी पोर्टल पर चर्चा की गयी। साथ ही विद्यार्थियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व बताया गया। बैठक में एडीईईओ श्री अशोक वधवा, एसीबीईओ श्री सुनील दामडी, महिला एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री विजय कुमार और जिला स्वीप समन्वयक श्री रमन कुमार असीजा उपस्थित रहे। इस दौरान निजी विद्यालयों के संगठन प्रभारी अधिकारियों द्वारा शिक्षा विभाग के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर चलने और सहयोग की हामी भरते हुये बा[illegible]यों की सुरक्षा मानको की पालना एवं नशा मुक्ति जैसे संकल्पों में पूर्ण सहभागिता का संकल्प लिया।

प्राइवेट स्कूलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व बताया

श्रीगंगानगर| जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित हिंदुस्तान स्काउट-गाइड हाल में मंगलवार को प्राइवेट स्कूलों के संस्था प्रधानों, प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्वाचन जागरूकता क्लब, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, यू डाइस के साथ-साथ शी पोर्टल पर चर्चा की गई। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का महत्व बताया गया। बैठक में एडीईईओ अशोक वधवा, एसीबीईओ सुनील दामडी, महिला एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विजय कुमार और जिला स्वीप समन्वयक रमन कुमार असीजा उपस्थित रहे। इस दौरान निजी विद्यालयों के संगठन प्रभारी अधिकारियों की ओर से शिक्षा विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने और सहयोग की हामी भरते हुए बाल वाहिनियों की सुरक्षा मानको की पालना एवं नशा मुक्ति जैसे संकल्पों में पूर्ण सहभागिता का संकल्प लिया।

विशेष गहन पुनरीक्षण 2026

#SriGanganagar

98 हजार मतदाताओं ने फार्म नहीं भरे, इनका होगा वेरीफिकेशन

श्रीगंगानगर जिले में 97.27% मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

श्रीगंगानगर. मतदाताओं के वेरीफिकेशन कार्य का जायजा लेतीं जिला निर्वाचन अधिकारी।

श्रीगंगानगर. जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में 15 लाख 63 हजार 593 मतदाताओं में से 15 लाख 20 हजार 906 से अधिक मतदाताओं की मैपिंग 2002 की मतदाता सूची से हो चुकी है। यह कुल मतदाताओं का 97.27 प्रतिशत है। मैपिंग उन मतदाताओं की हुई है, जिनका नाम 2002 की मतदाता सूची में है या जो इस मतदाता सूची के मतदातओं के वारिस हैं। अब छह विधानसभा क्षेत्रों में 98002 ऐसे मतदाताओं के वेरीफिकेशन की प्रक्रिया चल रही है, जिनका फार्म नहीं भरा जा सका है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने बताया कि जिन मतदाताओं के परिगणना फार्म नहीं भरे गए हैं, उनके वेरीफिकेशन की प्रक्रिया 11 दिसम्बर तक चलेगी। यह तिथि निर्वाचन आयोग ने तय की है। जिन मतदाताओं के फार्म नहीं भरे गए हैं, उनकी अलग-अलग श्रेणी है। इनमें 26627 मतदाता ऐसे हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं की संख्या 14123 तथा स्थाई रूप से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं की संख्या 51 हजार है। इनके अलावा दो-दो वोट वाले मतदाताओं की संख्या 5519 मिली है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। जिन मतदाताओं के नाम दो स्थानों पर मिले उनके नाम एक स्थान की मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इनके अलावा स्थाई रूप से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से यह मान कर हटा दिए जाएंगे कि उन्होंने नए स्थान पर वोट बना लिए हैं।

अभी भी मौका है

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 दिसम्बर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। किसी मतदाता का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं मिले तो इसी दिन दावे एवं आपत्तियां दाखिल कर सकेंगे। इसकी अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 तक है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं होंगे, उनके दावे और आपत्ति सही पाई गई तो उनके नाम जोड़ दिए जाएंगे। किसी मतदाता को यह लगे कि उसका नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से हट गया है तो वह फार्म 6 भरने के साथ यह साबित कर देते हैं कि उनका नाम गलत हटा है तो उनका नाम जुड़ जाएगा।

एसआइआर एक नजर

कुल मतदाता-	1563593
मैपिंग हो चुकी-	1520906
फार्म नहीं भरा-	98002
मृत्यु हो चुकी-	26672
अनुपिस्थत मिले-	14123
स्थाई स्थानांतरित-	51000
दो जगह वोट-	5519

प्रक्रिया जारी रहेगी

किसी मतदाता को अपना नाम मतदाता सूची में नहीं मिले तो वह कभी भी अपना नाम जुड़वा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे मतदाता फार्म नंबर 6 के साथ स्वयं का हल्फनामा देकर कभी भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अभी वेरीफिकेशन का काम चल रहा है। जिन मतदाताओं का वेरीफिकेशन किसी कारणवश नहीं हुआ है, वह अब करवा सकेंगे।

@DmSriganganagar